




# हम कौन हैं

## ITT आचार-संहिता




# लुका सावी से संदेश

**प्रिय ITTers,**

हर दिन हम ITTers के रूप में महत्वपूर्ण घटक डिलीवर करते हैं, जो दुनिया को सुरक्षित, गतिमान और मुस्कराता हुआ रखते हैं। हम यही करते हैं। और जबकि हम जो करते हैं, वह अत्यधिक महत्वपूर्ण है, लेकिन मुख्य यह है कि हम उसे कैसे करते हैं, और "कैसे" वह है, जो हमें वास्तव में परिभाषित करता है। ITT के केंद्र में "कैसे" सत्यनिष्ठा है। यह इसे रेखांकित करता है कि हम कौन हैं और अंततः हमारी संस्कृति का वर्णन करता है।

हम सभी जानते हैं कि हमें सत्यनिष्ठा के साथ काम करना होगा, अपने और एक दूसरे के लिए ऊँची बार स्थापित करनी होगी, अपने व्यापार के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी, पूरी पारदर्शिता और साथ ही अभूतपूर्व जवाबदेही की मांग करनी होगी। और हमें खुद को -- और एक दूसरे को -- जवाबदेह रखना होगा, यदि हम अपने लक्ष्यों को हमेशा सही तरीके से प्राप्त करना चाहते हैं।

इस संबंध में, हमारी आचार संहिता सशक्त संसाधन है। यह मार्गदर्शन करती है कि हमें अपने आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों, शेयरधारकों, समुदायों, और एक दूसरे के साथ अपने संबंधों में प्रतिदिन किस प्रकार व्यवहार करना चाहिए। हमारी आचार संहिता व्यापारिक दिशा-निर्देशों से परे जाती है; यह हमारे केंद्रीय सिद्धांतों की एकजुट घोषणा है।

हममें से प्रत्येक को सभी लागू क़ानूनों और नीतियों का पालन करते हुए हमारी आचार संहिता को साकार करना चाहिए। कृपया नैतिक व्यापारिक व्यवहार के लिए अपनी गाइड के रूप में हमारी आचार संहिता का उपयोग करें और हमेशा ध्यान रखें: **यदि आप इसे देखें, तो इसे कहें और यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें।**

सही काम, सही तरीके से, हर दिन करने के लिए धन्यवाद।

भवदीय,

**लुका सावी**

# हमारे पास संहिता क्यों है?

हमारी संहिता नैतिक व्यापार आचरण के लिए गाइड के रूप में काम करती है और हमारी उच्चतर निष्पादन संस्कृति का तत्व है, जो हमारे द्वारा ITT में किए जाने वाले प्रत्येक काम का मार्गदर्शन करती है। हमारी संहिता वे व्यवहार निर्धारित करती है जिनकी हमसे अपेक्षा है, हमें नैतिक फ़ैसले करने में मदद करती है और हमें दिखाती है कि हम संभावित कदाचार की पहचान कैसे कर सकते हैं। जबकि हमारी संहिता आपके प्रत्येक संभावित प्रश्न का उत्तर नहीं दे सकती, लेकिन यह आपको सही निर्णय लेने के लिए आवश्यक टूल्स देगी और सही निर्णय स्पष्ट न होने पर आपको प्रासंगिक संसाधनों और नीतियों की ओर इंगित करेगी।

## हमेशा सही काम करें

अकसर सही कार्रवाई स्पष्ट होती है। तथापि, ऐसे अवसर भी होंगे जब यह इतनी स्पष्ट नहीं होगी। जब ऐसा हो, तो खुद से ये प्रश्न पूछें:


- **क्या यह क़ानूनी है?**
- **यदि मेरे पर्यवेक्षक को मेरे व्यवहार के बारे में जानकारी दी जाती है, तो क्या मैं सहज रहूँगा?**
- **क्या मैं चाहूँगा कि मेरी कार्रवाइयाँ सार्वजनिक की जाएँ?**
- **क्या मैं वह कर रहा हूँ जो मेरी टीम के सदस्यों, हमारे ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, शेयरधारकों और समुदाय के लिए सही है?**
- **क्या यह हमारी संहिता, नीतियों और सिद्धांतों से संगत है?**

इन सभी प्रश्नों का उत्तर "हाँ" होने का मतलब है कि कार्रवाई शायद स्वीकार्य है।

कोई "नहीं" या "मैं निश्चित नहीं हूँ" जवाब रुकने, अपनी कार्रवाइयों पर पुनर्विचार करने और मार्गदर्शन माँगने के लिए सिग्नल है।

# ITT उच्चतर निष्पादन संस्कृति

असाधारण निष्पादन हमारी सफलता की कुंजी है। जैसा कि डिकैथलॉन में होता है, ITT की संस्कृति 10 क्षेत्रों में निष्पादन पर आधारित है। ये 10 मुख्य प्रथाएँ हर उस चीज़ के मार्गदर्शन में मदद करते हैं, जो हम करते हैं – हम कैसे सोचते हैं, हम कैसे कार्रवाई करते हैं, और हम कैसे जीतते हैं।



### सेवा नेतृत्व

मैंने दूसरों को पहले रखता हूँ। मैं बेहतर होना और दूसरों को बेहतर होने में मदद करना चाहता हूँ। मैं यहाँ सभी हितधारकों की सेवा के लिए हूँ। मैं यही हूँ।

### कार्य नैतिकता व सत्यनिष्ठा

मेरे काम में और मैं जो करता हूँ, उसमें गरिमा है। मैं समर्पित हूँ, और अन्य लोग जॉब करने, और सही करने के लिए मुझ पर भरोसा करते हैं।

### विवरण स्तर व डेटा-आधारित निर्णय लेना

मैं अपने व्यापार और लोगों को समझने के लिए गहराई में जाता हूँ। यह एक तरीका है, जिससे मैं दिखाता हूँ कि मैं परवाह करता हूँ और कि मैं सतही नहीं हूँ।

### नवीनीकरण के लिए जुनून

मेरे पास हमारे व्यापार को रूपांतरित करने की जिज्ञासा और संचालन है। मेरी लगन और ऊर्जा दूसरों को बदलाव को अपनाने और बेहतर के लिए नवीनीकरण करने के लिए प्रेरित करती है।

### गति व सरलता

मैं चीज़ों को हमेशा सरल रखता हूँ। मैं विश्लेषण,चर्चा करता हूँ, और फिर कार्रवाई करता हूँ। मुझे पूरी तस्वीर के लिए इंतजार करने की जरूरत नहीं है; 80/20 काफ़ी है। मैं गलतियां करूंगा, लेकिन उनसे सीखूँगा।

### गर्व व कभी संतुष्ट न होना

मैं लगातार सुधार के सफर पर हूँ।
प्रगति मुझे ऊर्जा देती है। मैं सफलताओं का जश्न मनाता हूँ और आगे के अवसरों पर और भी अधिक ध्यान केंद्रित करता हूँ।

### ईमानदारी व पारदर्शिता

मैं सच कहता हूँ, स्पष्टवादी हूँ, और वास्तविकता का सामना करता हूँ। मैं स्वीकार करता हूँ कि जब चीज़ें गलत होती हैं, जानकारी को खुले रूप से और पूर्वक्रियाशील रूप से साझा करता हूँ, और समाधान खोजता हूँ।

### प्रतिभा

मैं प्रतिभा का खुलकर समर्थन करता हूँ। मैं लागू स्थायित्व और पारदर्शी मापदंड के आधार पर व्यवहार और परिणामों को पुरस्कृत करता हूँ। मैं निष्पक्ष और समावेशी हूँ।

### प्रामाणिकता व विनम्रता

मैं प्रामाणिक, निष्ठापूर्ण, और हमेशा सीखने वाला हूँ। मैं दूसरों की बात सुनने, नई चीजों को आजमाने, और सर्वोत्तम समाधानों का समर्थन करते हुए अपने विचारों की वकालत करता हूँ।

### जवाबदेही

मैं स्वामित्व लेता हूँ। पूर्ण विराम। हर समय, हर दिन, और उसमें जो भी मैं करता हूँ, मैं अभूतपूर्व स्वामित्व साकार करता हूँ।

# विषय-सूची


हमारी संहिता। हमारी जिम्मेदारियां। ....9
यदि आप इसे देखें, तो इसे कहें ....11
हमारी नैतिकता हेल्पलाइन ....15

**हमारे कर्मचारी ....16**

- स्वास्थ्य और सुरक्षा ....18
- कार्यस्थल पर सम्मान ....19
- विविधता, समावेश और अवसर ....21
- सुरक्षित कार्यस्थल ....23
- नशीली दवाएँ और अल्कोहल ....24
- भेदिया व्यापार ....25

**हमारे ग्राहक और आपूर्तिकर्ता ....26**

- रिश्वत-रोधी ....28
- उपहार, मनोरंजन और यात्रा ....30
- आपूर्तिकर्ताओं और अन्य तृतीय पक्षों के साथ काम करना ....32
- विश्वास-रोधी और निष्पक्ष व्यवहार ....34
- व्यापार अनुपालन ....36
- सरकारी अनुबंध ....38
- व्यक्तिगत संबंध और हितों का टकराव ....40

**हमारे शेयरधारक और हमारे समुदाय ....43**

- बौद्धिक संपदा ....45
- गोपनीय और स्वामित्व जानकारी और व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी ....47
- भौतिक और वित्तीय परिसंपत्तियाँ ....49
- सटीक रिकॉर्ड रखना ....50
- ITT की ओर से बात करना ....52
- पर्यावरण संरक्षण और मानवाधिकार ....54
- सकारात्मक प्रभाव बनाना ....56

शब्दावली ....57
छूट, संशोधन और अतिरिक्त जानकारी ....59

# हमारी संहिता। हमारी जिम्मेदारियां।



## संहिता का पालन किसे करना चाहिए?

ITT में सभी। इसमें दुनिया भर में कर्मचारी (अंशकालिक और अस्थायी कामगारों और ठेकेदारों सहित), अधिकारी, बोर्ड सदस्य और अन्य अनुबंधपरक रूप से बाध्य ITT अंशधारक शामिल हैं। हम सब जवाबदेह हैं।

## जब हमारी संहिता का उल्लंघन होता है, तो क्या होता है?

हमारे ग्राहकों का विश्वास कमज़ोर होता है और हमारी छवि धूमिल हो जाती है। उल्लंघनों का परिणाम अनुशासनात्मक कार्रवाई- रोज़गार की समाप्ति तक और सहित - और, कुछ मामलों में, शामिल व्यक्ति और ITT के लिए दीवानी या आपराधिक परिणाम हो सकते हैं।

यदि आपको संभावित कदाचार के बारे में चिंता है, तो साहस के साथ संप्रेषण करना और आवाज़ उठाना महत्वपूर्ण है। कृपया आगे के मार्गदर्शन के लिए पृष्ठ 7 पर चिंताएं व्यक्त करने के बारे में "यदि आप इसे देखें, तो इसे कहें' अनुभाग देखें।

## यदि संहिता और स्थानीय क़ानून या कस्टम के बीच विरोध हो, क्या होगा?

यदि कभी स्थानीय क़ानून या परंपरा का हमारी संहिता से विरोध होता है, तो हमेशा नैतिक व्यवसाय आचरण के उच्च मानक लागू करें। यदि आप अभी भी निश्चित नहीं हैं, तो मार्गदर्शन प्राप्त करें। स्थानीय संसाधनों में आपका प्रबंधक और नैतिकता चैंपियन शामिल हैं।

## हम अपने नेताओं और प्रबंधकों से क्या अपेक्षा करते हैं?

जबकि हम सभी हमारे मूल्यों को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं, हमारे नेताओं और प्रबंधकों का हमारी नैतिक संस्कृति पर गहरा प्रभाव पड़ता है और वे जवाबदेही के संचालन में सहायक होते हैं। नेता के रूप में, हम आप पर निम्नलिखित के लिए निर्भर करते हैं:

***दूसरों के लिए अच्छा उदाहरण बनें।*** अपने व्यवहार में संहिता को मॉडल करें और प्रदर्शित करें कि कर्मचारियों को हमारे प्रयोजन में क्यों निवेश करना चाहिए। हमारी उच्चतर निष्पादन संस्कृति के सिद्धांतों को हमेशा बनाए रखते हुए टीम के अन्य सदस्यों को नैतिक रूप से और ईमानदारी से काम करने में मदद करें।

***सुनें और उत्तर दें।*** ऐसा परिवेश तैयार करें, जिसमें कर्मचारी प्रश्नों और चिंताओं के साथ आपके पास आने में सहज महसूस करें। समझने के लिए सुनें और जब उचित हो तब मार्गदर्शन करें। किसी ऐसे आचरण की रिपोर्ट करने के लिए हमेशा हमारी कार्य-प्रणालियों का पालन करें, जिसके बारे में आपका विश्वास है कि वह अनैतिक या गैर-क़ानूनी है, या हो सकता है। संभावित कदाचार की रिपोर्ट करने वाले कर्मचारियों की पहचान की रक्षा करें।

***प्रतिकार रोकें।*** ऐसे व्यक्ति के ख़िलाफ़ कभी जवाबी कार्रवाई न करें या दूसरों के द्वारा जवाबी कार्रवाई की अनुमति न दें, जिसने सद्भाव में रिपोर्ट की है। जवाबी कार्रवाई के संकेतों पर नज़र रखकर और व्यवहार की रिपोर्ट करके टीम के सभी सदस्यों की रक्षा करें। ऐसा व्यक्ति जिसे चिंता व्यक्त करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई करते हुए पाया जाता है, बर्ख़ास्तगी सहित, उचित अनुशासन के अधीन होगा

आगे आने वाले पृष्ठों पर, आपको इस बारे में विवरण मिलेगा कि हम अपने केंद्रीय सिद्धांतों द्वारा निर्देशित उच्चतर निष्पादन संस्कृति कैसे स्थापित कर सकते हैं।

# यदि आप इसे देखें, तो इसे कहें

यदि कुछ सही नहीं लगता, या यह इस आचार-संहिता, नीति या क़ानून की अपेक्षाओं के विरोध में लगता है, तो आवाज़ उठाना आपका दायित्व है। मुद्दों और चिंताओं के बारे में आवाज़ उठाकर, हम ऐसे समाधानों पर साथ मिलकर काम कर सकते हैं, जो हमारी कंपनी को मज़बूत बनाते हैं।

## यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

अपने प्रबंधक या पर्यवेक्षक के साथ शुरू करें - वह समझने और उचित कार्रवाई करने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में होता है। यदि आप अपने प्रबंधक या पर्यवेक्षक के साथ बात करते हुए असहज महसूस करते हैं, तो आपकी मदद के लिए अन्य संसाधन उपलब्ध हैं। आप इनसे संपर्क कर सकते हैं:

- **आपका स्थानीय, मूल्य केंद्र या मुख्यालय मानव संसाधन नेता**

- **ITT में हमारा मुख्य अनुपालन अधिकारी**

  मुख्य अनुपालन अधिकारी

  फ़ोन: +1 914.641.2060

  Chief.ComplianceOfficer@ITT.com

- **हमारी नैतिकता हेल्पलाइन**

  ITT नैतिकता हेल्पलाइन

  आपकी स्थानीय भाषा में फ़ोन या वेब के माध्यम से 24/7 उपलब्ध है

  फ़ोन: +1 888.546.4972 (स्थानीय फोन नंबर उपलब्ध हैं)

  ittethicshelpline.ethix360.com

- **कोई ITT नैतिकता चैंपियन, जिसमें ITT मुख्यालय नैतिकता चैंपियन शामिल है**

  ITT मुख्यालय नैतिकता व अनुपालन विभाग

  Ethics.Champion@ITT.com

### नैतिकता चैंपियन होता है...

ITT टीम का सदस्य जिसे आचार-संहिता, क़ानून या विनियमन या कंपनी की नीति के संभावित उल्लंघन के बारे में प्रश्न या चिंताओं को सुनने और प्रत्युत्तर देने और मार्गदर्शन देने या जाँच के लिए औपचारिक अनुरोध दाखिल करने के लिए नियुक्त किया जाता है, जैसा उपयुक्त हो। प्रत्येक ITT स्थान पर कम से कम एक नैतिकता चैंपियन होता है।

अपनी साइट के नैतिकता चैंपियन की पहचान करने के लिए, संपर्क करें ethics.champion@itt.com.

# आगे क्या होगा?

### अपनी चिंताओं की रिपोर्ट करना।

इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि आप किससे संपर्क करते हैं या आप किस संसाधन को चुनते हैं, आपकी चिंता की तुरंत समीक्षा की जाएगी और, जब आवश्यक होगा, उपयुक्त विषय विशेषज्ञता वाली टीम द्वारा जाँच की जाएगी। आपके पास अपना नाम और संपर्क जानकारी प्रदान करने का विकल्प होगा, या आप गुमनाम रहना चुन सकते हैं, जहाँ क़ानून द्वारा अनुमति है। जाँच प्रक्रिया के दौरान, हम समझने के लिए सुनते हैं और इरादों को सकारात्मक मानते हैं। उस लक्ष्य के लिए, जाँच में शामिल सभी लोगों से ईमानदार इनपुट अनिवार्य है।

ITT कर्मचारी के रूप में, आपको जाँच के साथ पूरी तरह सहयोग करना और जानकारी, साक्षात्कारों या दस्तावेज़ों के लिए सभी अनुरोधों का तत्परता से, पूरी तरह और सच्चाई से अनुपालन करना होता है। आपके द्वारा प्रदान की जाने वाली जानकारी केवल उन्हीं व्यक्तियों के साथ साझा की जाएगी जिन्हें उसे जानने की ज़रूरत है।

ऐसा व्यक्ति जो जाँच में सहयोग करने में विफल रहता है या उसे किसी भी तरह से बाधित करता है, उसके साथ, बर्ख़ास्तगी तक और सहित, उपयुक्त अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

# कोई प्रतिकार नहीं

जवाबी कार्रवाई से कभी न डरें या इसकी वज़ह से सवाल पूछने या चिंताएँ साझा करने से हतोत्साहित न हों। ITT ऐसे व्यक्ति के खिलाफ किसी भी रूप में जवाबी कार्रवाई की अनुमति नहीं देती, जो सद्भाव में चिंता उठाता है, भले ही बाद में यह निर्धारित हो कि चिंता निराधार है। यदि आपको लगता है कि आपको इसके विरुद्ध जवाबी कार्रवाई की गई है, तो ITT में मुख्य अनुपालन अधिकारी से संपर्क करें। ऐसा व्यक्ति जिसे चिंता व्यक्त करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई करते हुए पाया जाता है, बर्ख़ास्तगी सहित, उचित अनुशासन के अधीन होगा।

### "सद्भाव' का क्या मतलब है?

आपके द्वारा रिपोर्ट की गई जानकारी से आंतरिक जांच और साथ ही सार्वजनिक प्राधिकारियों द्वारा जांच और अन्य परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। सद्भाव में चिंता साझा करने का अर्थ है कि आप ईमानदारी से मानते हैं कि हमारी संहिता, हमारी नीतियों या क़ानून का उल्लंघन हो सकता है।

जानबूझकर मिथ्या या भ्रामक जानकारी जमा करने के महत्वपूर्ण परिणाम होंगे। सद्भाव और आपके सर्वोत्तम ज्ञान के साथ की गई रिपोर्ट्स के परिणामस्वरूप कंपनी द्वारा कोई नकारात्मक कार्रवाई नहीं होगी।

### प्रतिकार क्या है?

प्रतिकार कई रूप ले सकता है, कुछ सूक्ष्म और कुछ अधिक प्रत्यक्ष। यदि आवाज़ उठाने या जांच में भाग लेने के लिए "दंड" के रूप में कोई कार्रवाई की जाती है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं हैं, तो यह प्रतिकार की भावना उत्पन्न कर सकती है: धमकाना, ज़ोर-जबरदस्ती करकना या नीचा दिखाना; निलंबन, पदावनति या बर्ख़ास्तगी; लाभों से इनकार करना; वृद्धि या बोनस से इनकार करना; नकारात्मक निष्पादन समीक्षा (जब आवश्यक न हो); कुंजी खातों या परियोजनाओं से

निकालना; या घंटों में कमी करना।

# हमारी नैतिकता हेल्पलाइन

ITT की 24-घंटे, अंतर्राष्ट्रीय रूप से सुलभ, तृतीय पक्ष हेल्पलाइन व्यापक और गोपनीय रिपोर्टिंग टूल है, जो प्रबंधन और टीम के सदस्यों की कार्यस्थल में धोखाधड़ी, दुरुपयोग और कदाचार पर कार्रवाई करने में सहायता करता है। यदि आप हमारी नैतिकता हेल्पलाइन से संपर्क करते हैं, तो:

- **आपके पास अपना नाम और संपर्क जानकारी प्रदान करने का विकल्प होगा, या आप गुमनाम रहना चुन सकते हैं, जहाँ क़ानून द्वारा अनुमति है।**
- **ख़ास तौर से प्रशिक्षित संचार विशेषज्ञ आपकी चिंता का विस्तार से प्रलेखन करेगा, या आप अनुकूलित वेब-फ़ॉर्म भरना चुन सकते हैं।**
- **आपकी कॉल रिकॉर्ड या ट्रेस नहीं की जाएगी। ऑनलाइन रिपोर्ट सुरक्षित तृतीय पक्ष वेबसाइट के माध्यम से संभाली जाती हैं जिसे ख़ास तौर से गोपनीयता बनाए रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है।**
- **आपके द्वारा दी जाने वाली जानकारी को संयुक्त राज्य अमेरिका में ITT नैतिकता व अनुपालन विभाग को और संभवतः कहीं और, जानने-की-ज़रूरत के आधार पर, उपयुक्त जाँच और अनुवर्ती-कार्य के लिए रिले किया जाएगा।**

# यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें


**संपर्क:** नैतिकता व अनुपालन; नैतिकता चैंपियंस

**ITT नीति:** नैतिकता व अनुपालन प्रोग्राम मैन्युअल; आवाज़ उठाना नीति: चिंता के मुद्दे रिपोर्ट करना

# हमारे कर्मचारी

- स्वास्थ्य और सुरक्षा
- कार्यस्थल पर सम्मान
- विविधता, समावेश और अवसर
- सुरक्षित कार्यस्थल
- नशीली दवाएँ और अल्कोहल
- भेदिया व्यापार

ITTers **प्रतिभा** में फलती-फूलती है। हम **प्रामाणिकता व विनम्रता** के साथ व्यवहार करते हैं। हमेशा की तरह, हम जो भी करते हैं, हम अपनी कार्रवाइयों के लिए जवाबदेही लेते हैं।



# स्वास्थ्य और सुरक्षा

साथ मिलकर... हम अपने लोगों को हर उस चीज़ के केंद्र में मानते हैं, जो हम करते हैं। सुरक्षा की बात आने पर हम कोई समझौता नहीं करते। जब सुरक्षा की बात आती है, तो हम समझौता नहीं करते। हम अपने कार्य परिवेश का अभूतपूर्व स्वामित्व लेकर एक दूसरे पर नज़र रखते हैं। हमारा लक्ष्य सुरक्षा नियमों का पालन करके और दुर्घटनाओं या असुरक्षित स्थितियों की रिपोर्ट करके चोट-मुक्त कार्यस्थल बनाना है।

## ITTers के रूप में...



### खुद की और दूसरों की रक्षा करें।

- उन सभी स्वास्थ्य और सुरक्षा क़ानूनों, नीतियों और विनियमों का पालन करें जो आपके जॉब और कार्यस्थल पर लागू होते हैं और सभी ज़रूरी प्रशिक्षण पूरा करें।
- यदि आपसे अपने काम के लिए सुरक्षा उपकरण, सामग्री या डिवाइस पहनने या उनका इस्तेमाल करने की अपेक्षा है, तो उन्हें ठीक से, हमारी नीतियों और निर्माताओं के निर्देशों के अनुसार पहनें।
- आप जो विज़िटर ITT की साइट पर लाते हैं, उन्हें सुरक्षा की सभी लागू अपेक्षाएँ बताएँ और उनका पालन करवाएँ।

### यदि आप इसे देखें, तो इसे कहें:

किसी सुरक्षा खतरे, असुरक्षित कार्य स्थिति या जॉब से संबंधित चोटों की अपने प्रबंधक या पर्यवेक्षक या किसी पर्यावरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा (ESH&S) प्रतिनिधि को तुरंत रिपोर्ट करें।

### प्रवउ

**प्र:** हाल ही में मूल्य केंद्र नेता हमारे परिसर पर विज़िट के लिए आई थीं। उन्होंने हमारे विनिर्माण संचालन का दौरा करने के लिए कहा और उन्हें सुरक्षा चश्मा दिया गया। दौरा शुरू होने के शीघ्र बाद, मैंने देखा कि उन्होंने चश्मा नहीं पहना था। मैं उनके पास गया और उन्हें हमारी सुरक्षा नीतियों की याद दिलाई, और परिसर के भीतर सुरक्षा चश्मे के इस्तेमाल के लिए आग्रह किया। क्या मैंने सही काम किया?

**उ:** बिल्कुल। निजी रक्षा उपकरण (PPE) हर स्तर पर हर किसी के लिए ज़रूरी है। आपके द्वारा आग्रह करना अनादर की कार्रवाई नहीं थी, बल्कि अपने सहकर्मी की सुरक्षा के लिए आपकी चिंता का सूचक था।

### यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** स्थानीय प्रबंधक या पर्यवेक्षक; ESH&S

**ITT नीति:** ESH&S मैनुअल

# कार्यस्थल पर सम्मान

साथ मिलकर... हम अपने सहकर्मियों को महत्व देते हैं और एक दूसरे के साथ सम्मान के साथ व्यवहार करते हैं। हम सकारात्मक परिवेश के लिए जवाबदेह हैं और हम निष्पक्ष और समावेशी हैं।

## ITTers के रूप में...



### दूसरों के साथ सम्मान का व्यवहार करें।

- ITT व्यक्तियों या समूहों के प्रति उत्पीड़न या अनुचित व्यवहार के किसी रूप को बर्दाश्त नहीं करती:
    - उत्पीड़न – आक्रामक दबाव और डराना, जो मौखिक, शारीरिक या दृश्य हो सकता है। इसमें ज़ोर-ज़बरदस्ती, नस्लीय मिथ्या आरोप और अनुचित चुटकुले और साथ ही ऐसे कथनों या छवियों को पोस्ट या साझा करना शामिल है, जो व्यक्ति को आपत्तिजनक लग सकती हैं।
    - यौन उत्पीड़न - अनचाहे यौन व्यवहार या अश्लील टिप्पणियाँ। इनमें यौन अनुग्रह के बदले रोज़गार, पदोन्नति, मुआवज़ा या विशेष व्यवहार के लिए वायदा करना या उसे प्रदान करना शामिल है। इसमें अनुपयुक्त या अवांछित स्पर्श और साथ ही अश्लील छवियाँ, वस्तुएँ या सामग्री पोस्ट या साझा करना भी शामिल है।
- हमेशा अपनी कार्रवाइयों और टिप्पणियों के अभिप्रेत - और अनभिप्रेत - प्रभाव के प्रति जागरूक रहें जो आपके दर्शक-वर्ग पर होगा।
- निजी ब्लाइंड स्पॉट्स, मूड और विचारों पर ख़ास ध्यान दें जिनके परिणामस्वरूप अनजाने में आपत्तिजनक कार्रवाइयाँ और टिप्पणियाँ हो सकती हों।
- टीम के सदस्यों, ग्राहकों और व्यापारिक साझेदारों के साथ हर बातचीत में विनम्र रहें। चाहे आमने-सामने, वर्चुअल रूप से, फ़ोन पर या लेखन में, हमेशा पेशेवरता का उच्चतम स्तर प्रदर्शित करें।

### यदि आप इसे देखें, तो इसे कहें:

कार्यस्थल पर या कार्य से संबंधित ईवेंट में उत्पीड़न के व्यवहार की कभी अनदेखी न करें - चाहे यह आपके साथ हो या किसी और के साथ (जिनमें व्यापार साझेदार और अन्य तृतीय पक्ष शामिल हैं)। अपनी चिंताएँ साझा करें।

### प्रवउ

**प्र:** मैंने पर्यवेक्षक को टीम के सदस्य के सामने ज़ोर से बोलते हुए सुना, और वह उसे कह रहा था कि वह टीम का खिलाड़ी नहीं बल्कि बेवकूफ है। मैं क्या करूँ?

**उ:** हम सभी हमारे कार्य परिवेश के प्रति जवाबदेह हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए हमारी टीम के सदस्यों के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी है कि वे उत्पीड़न के विषय न बनें। हम आपको हस्तक्षेप करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। अनेक तरीके हैं जिनसे आप ऐसा कर सकते हैं, जिनमें टीम के सदस्य को समस्या की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करना, अपने प्रबंधक या पर्यवेक्षक से बात करना, ITT के मानव संसाधन विभाग को अपनी चिंता रिपोर्ट करना या अपनी चिंता उठाने के लिए हमारी नैतिकता हेल्पलाइन से संपर्क करना।

### यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** स्थानीय प्रबंधक या पर्यवेक्षक; मानव संसाधन विभाग

**ITT नीति:** उत्पीड़न, भेदभाव और प्रतिकार की रोकथाम

# विविधता, समावेश और अवसर

साथ मिलकर... हम निष्पक्ष और समावेशी हैं और प्रतिभा का खुलकर समर्थन करते हैं। हम हर स्थान में टीम के हर सदस्य के योगदान को सुनते हैं और उसकी सराहना करते हैं। यह प्रतिभा, विचारों, राय और अनुभवों की विविधता - हमारी सामूहिक तकनीकी जानकारी – है जो हमें बाज़ार-स्थल में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ देती है। इस तरह हम उच्चतर निष्पादन संस्कृति का निर्माण करते हैं और श्रेष्ठ समाधान डिलीवर करते हैं। यह हमारी रचनात्मकता, नवाचार, फ़ैसले लेने और हमारे ग्राहकों की सेवा करने की क्षमता को संचालित करती है।

## ITTers के रूप में...



### समावेशन का समर्थन करें।

- हर व्यक्ति की निजी मान्यताओं और मूल्यों का सम्मान करें। अलग पृष्ठभूमि और दृष्टिकोण को सुनें और ग्रहणशील बनें।
- सकारात्मक कार्यस्थल को बढ़ावा दें।

### यदि आप इसे देखें, तो इसे कहें:

यदि आपको लगता है आप भेदभाव के शिकार हैं या आपको संदेह है कि कोई और है, तो अपनी चिंताएँ उठाएँ।

### सत्यनिष्ठा से नेतृत्व करें।

- यदि आप दूसरों का नेतृत्व या निगरानी करते हैं, तो विविधता के प्रति ITT की प्रतिबद्धता का सम्मान करें और आदर्श बनें।
- जाति, धर्म, जातीयता, आयु, लिंग, यौन अभिविन्यास, विकलांगता, वैवाहिक स्थिति या अन्य किसी क़ानूनी रूप से सुरक्षित आधार जैसी विशेषताओं पर विचार किए बिना, और सभी लागू संघीय, राज्य और स्थानीय क़ानूनों या विनियमों के अनुसार भरती करें, रोज़गार पर रखें, प्रशिक्षण दें, मुआवज़ा दें और लोगों को ज़िम्मेदार ठहराएँ।
- ITT परिसरों, कोष या संचार टूल का इस्तेमाल निजी मान्यताओं को बढ़ावा देने के लिए न करें।

### प्रवउ

**प्र:** नई टीम के लिए सदस्य चुनने के बाद, मुझे पता चला है कि सदस्य की धार्मिक प्रतिबद्धता है, जो अन्य सदस्यों के बैठक के पसंदीदा बैठक से हस्तक्षेप करेगी। इसे कैसे संभाला जाना चाहिए?

**उ:** ITT में हम ऐसी टीमें बनाना चाहते हैं, जो सर्वश्रेष्ठ परिणाम दें और हमारी कंपनी को सकारात्मक रूप से प्रभावित करें। हर व्यक्ति के अनन्य योगदान को मान्यता देते हुए, जहाँ संभव होता है, वहाँ हम टीम के सदस्यों की विशेष ज़रूरतें समायोजित करते हैं। विविधता और समावेश हमें प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देते हैं। कुछ न्याय-क्षेत्रों में ऐसी विशेषताएँ होती हैं, जो क़ानूनी तौर पर संरक्षित होती हैं, जैसे जाति, धर्म, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, आयु, विकलांगता या वैवाहिक स्थिति, और हमें क़ानूनी तौर पर समायोजन करने की ज़रूरत हो सकती है। जहाँ विशेष ज़रूरतें समायोजित करना संभव नहीं होगा, वहाँ यह सुनिश्चित करने के लिए कृपया ITT के क़ानूनी विभाग या ITT के मानव संसाधन विभाग से संपर्क करें कि आपकी कार्रवाइयाँ स्थानीय क़ानून का उल्लंघन न करें।

### यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** मानव संसाधन

**ITT नीति:** समान रोज़गार अवसर (EEO)/समर्थनकारी कार्रवाई

# सुरक्षित कार्यस्थल

साथ मिलकर... हम एक दूसरे को महत्व देते हैं और हमारे सामूहिक कल्याण और सुरक्षा के लिए जवाबदेह हैं। कार्यस्थल पर हिंसा के लिए हम सभी सुरक्षा उपाय और ITT की शून्य-सहनशीलता नीति का पालन करते हैं।

## ITTers के रूप में...



### कार्यस्थल पर हिंसा की रोकथाम करें।

- दूसरे व्यक्ति को कभी भी धमकी न दें या नुक़सान न पहुँचाएँ या कार्यस्थल पर हिंसक व्यवहार प्रदर्शित न करें। कार्यस्थल पर हिंसा के लिए ITT की शून्य-सहिष्णुता की नीति कंपनी के परिसरों और साथ ही दुनिया में कहीं भी ITT के व्यापार में लगे हुए हमारे टीम के सदस्यों के व्यवहार पर लागू होती है।
- ITT परिसर पर हैंडगन, बंदूक या हथियार न लाएँ। ITT परिसर पर हैंडगन, बंदूक या किसी तरह का हथियार रखना वर्जित है, चाहे आपको ऐसा हथियार रखने के लिए लाइसेंस प्राप्त हो।

### हमारी सुरक्षा और संरक्षा को मज़बूत बनाएँ।

- अपने स्थान के लिए सभी सुरक्षा नीतियों का पालन करें और हमारे लोगों को सुरक्षित रखने और हमारे परिसरों और संपत्ति को रक्षित रखने के लिए सतर्क रहें।
- कार्यस्थल में प्रवेश करने के लिए हमेशा अपने कर्मचारी बैज का इस्तेमाल करें।
- सुनिश्चित करें कि कोई विज़िटर, विज़िटर बैज प्रदर्शित करता है और मार्गदर्शक के साथ और मार्गदर्शक के बिना विज़िट के लिए ITT की अपेक्षाओं का पालन करता है।

### यदि आप इसे देखें, तो इसे कहें:

किसी सुरक्षा या संरक्षा की घटना या चिंता की रिपोर्ट तत्काल अपने प्रबंधक या पर्यवेक्षक, ITT के मानव संसाधन या ESH&S को करें।

### यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** स्थानीय प्रबंधक या पर्यवेक्षक; मानव संसाधन विभाग; ESH&S

**ITT नीति:** ESH&S मैनुअल

# नशीली दवाएँ और अल्कोहल

साथ मिलकर... हम हर समय जवाबदेह होते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ होने में विश्वास करते हैं, इसलिए हम कभी भी शराब, ड्रग्स या नियंत्रित पदार्थों को अपनी सुरक्षा, उत्पादकता, निष्पादन, विश्वसनीयता या निर्णय को खतरे में डालने की अनुमति नहीं देते।

## ITTers के रूप में...



### ज़िम्मेदारी से काम करें।

- कंपनी की संपत्ति पर या ITT की ओर से कार्य करते समय कभी भी अवैध दवाओं को अपने पास न रखें, इस्तेमाल न करें, ख़रीदें या बेचें नहीं।
- कंपनी की संपत्ति पर, या ITT की ओर से कार्य करते समय कभी भी अल्कोहल का उपभोग न करें, सिवाय कंपनी के ईवेंट्स, बैठकों या व्यापार भोजन के समय क़ानूनी, मध्यम और समझदारी के साथ उपयोग के। हमेशा ज़िम्मेदार रहें, अच्छे विवेक का इस्तेमाल करें और स्थानीय क़ानूनों और विनियमों का पालन करें।
- जब आप अल्कोहल या अवैध दवाओं के प्रभाव में हों, या जब नुस्ख़े की या गैर-नुस्ख़े की दवाओं द्वारा पंगु हों तो कभी भी ITT-स्वामित्व वाले उपकरण या ITT-स्वामित्व वाले वाहनों का संचालन न करें।
- ऐसी किसी परिस्थिति के बारे में अपने पर्यवेक्षक, प्रबंधक या ITT के मानव संसाधन विभाग को सूचित करें जो आपके कार्य निष्पादन, सुरक्षा या दूसरों की सुरक्षा को पंगु कर सकती है।

### यदि आप इसे देखें, तो इसे कहें:

यदि आप काम पर या ITT की संपत्ति पर दवाओं या अल्कोहल के इस्तेमाल से बिगड़ा हुआ कार्य-निष्पादन देखें या आपको इसका संदेह हो, तो अपनी चिंताएँ अपने प्रबंधक, पर्यवेक्षक या ITT के मानव संसाधन विभाग के साथ साझा करें।

### प्रवउ

**प्र:** ऐसा प्रतीत होता है कि टीम का सदस्य काम के समय नशीली दवाओं या अल्कोहल के प्रभाव में होता है। मैं क्या करूँ?

**उ:** तुरंत अपने स्थानीय प्रबंधन, के ESH&S प्रतिनिधि या ITT के मानव संसाधन विभाग से संपर्क करें और उन्हें अपनी चिंता के बारे में सतर्क करें। खुद की, अपनी टीम के सदस्य की और ऐसे किसी व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित क़दम उठाएँ जो संभावित रूप से चोट के जोखिम में हो सकता है, जिसमें मशीनरी बंद करना और उत्पादन बाधित करना शामिल हो सकता है।

### यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** स्थानीय प्रबंधक या पर्यवेक्षक; मानव संसाधन विभाग; ESH&S

**ITT नीति:** मादक द्रव्य का सेवन और परीक्षण

# भेदिया व्यापार

साथ मिलकर… हम समझते हैं कि हम विश्वास की स्थिति में हैं और गैर-सार्वजनिक जानकारी की रक्षा की बात आने पर जवाबदेह हैं। हम जानते हैं कि किसी महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर स्टॉक का व्यापार करना या किसी समय दूसरों को महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी प्रदान करना क़ानून का उल्लंघन है।

## ITTers के रूप में...



### महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी का व्यापार न करें, उसे साझा न करें, या प्रदान न करें।

- सुनिश्चित करें कि आप समझते हैं कि किस प्रकार की जानकारी को महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी माना जाता है। उस जानकारी के "महत्वपूर्ण" होने की संभावना होती है यदि वह निवेशक को किसी कंपनी की सिक्यूरिटीज़ खरीदने, बेचने या रखने के लिए प्रभावित करेगी, और यह "गैर-सार्वजनिक" होगी यदि इसे अभी तक कंपनी के बाहर जारी नहीं किया गया है (उदाहरण के लिए, प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से)।
- याद रखें कि चाहे आप ITT छोड़ दें, तब भी ये प्रतिबंध लागू रहेंगे।

### महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी में शामिल है...

विलय या अधिग्रहण, भविष्य के परिणामों के लिए बिक्री या आय या उम्मीदें, वित्तीय पूर्वानुमान, बड़े अनुबंध, नई रणनीतियाँ या पेशकश, प्रमुख कार्मिक बदलाव या किसी अन्य महत्वपूर्ण लेन-देन के बारे में गैर-सार्वजनिक जानकारी। इसका विस्तार उन कंपनियों के बारे में हमारे द्वारा प्राप्त की गई जानकारी तक हो सकता है, जिनके साथ हम व्यापार करते हैं। यदि आप निश्चित नहीं है कि जानकारी को भीतरी जानकारी माना जाएगा या नहीं, तो ITT के क़ानूनी विभाग से पूछें।

### प्रवउ

**प्र:** मैंने बैठक में सुना है कि ITT सार्वजनिक रूप व्यापार की कंपनी के अधिग्रहण की योजना बना रही है। क्या मैं अपने दोस्त को संभावित निवेश अवसर के रूप में इस बारे में बता सकता हूँ?

**उ:** नहीं। यह जानकारी महत्वपूर्ण, गैर-सार्वजनिक जानकारी मानी जाएगी, और यदि आपका दोस्त इस जानकारी पर कार्रवाई करता है, तो आप दोनों भीतरी व्यापार क़ानूनों का उल्लंघन कर सकते हैं और आपराधिक दायित्व का सामना कर सकते हैं।

### यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें


**संपर्क:** क़ानूनी; वित्त

**ITT नीति:** स्टॉक का व्यापार और गोपनीयता

# हमारे ग्राहक और आपूर्तिकर्ता

- रिश्वत-विरोधी
- उपहार, मनोरंजन और यात्रा
- आपूर्तिकर्ताओं और अन्य तृतीय पक्षों के साथ काम करना
- एकाधिकार-रोधी और निष्पक्ष व्यवहार
- व्यापार अनुपालन
- सरकारी अनुबंध
- व्यक्तिगत संबंध और हितों का टकराव

हम अपने ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ अपने संबंधों को महत्व देते हैं और **ईमानदारी व पारदर्शिता** के साथ कार्रवाई करते हैं— और उनसे भी इस की मांग करते हैं। हमें **गति व सरलता** के साथ समाधान ढूँढ़ते हैं। हम जो भी करते हैं, उसमें हमारे पास मजबूत **कार्य नैतिकता और सत्यनिष्ठा** होती है।



# रिश्वत-रोधी

साथ मिलकर… हमें जॉब करते हैं, लेकिन हम जॉब को सही तरीके से करते हैं। ITT दुनिया में कहीं भी हमारे व्यापार में रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार के किसी भी रूप को बर्दाश्त नहीं करती। हम जानते हैं कि वे न केवल ITT को बल्कि वैश्विक बाज़ार-स्थल और उन समुदायों को भी नुक़सान पहुँचाते हैं, जहाँ हम व्यापार करते हैं।

## ITTers के रूप में…

### रिश्वत की पहचान करें।

- ध्यान रखें कि रिश्वत फ़ैसले को अनुचित तरीके से प्रभावित करने के लिए भुगतान की पेशकश के अलावा भी कुछ हो सकता है - यह उपहार, एहसान, ऋण, जॉब या यहाँ तक कि मनोरंजन या यात्रा के प्रस्ताव का रूप भी ले सकता है। धर्मार्थ या राजनीतिक योगदान भी रिश्वत माना जा सकता है, यदि यह फ़ैसले को प्रभावित करने के लिए पेश किया जाता है।

### व्यापार सत्यनिष्ठा से करें।

- फ़ैसले को अनुचित तरीके से प्रभावित करने या अनुचित लाभ हासिल करने के लिए रिश्वत या किसी मूल्यवान वस्तु की पेशकश न करें, नहीं दें, वायदा न करें या प्राप्त न करें (नगद राशि सहित, लेकिन इस तक सीमित नहीं)।
- आप जो काम कर रहे हैं, उसका अभिशासन करने वाले सांविधिक, विनियामक और अनुबंधपरक प्रावधानों का पालन करें।
- सुविधा भुगतान न करें जब तक आपके स्वास्थ्य या सुरक्षा के लिए आसन्न ख़तरा न हो।
- यह सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेह रहें कि आपके कार्य-संबंधी व्यय उपयुक्त हैं और हमारी नीतियों से संगत हैं।
- हमारी बहियों और रिकॉर्ड में भुगतान रिकॉर्ड करते समय सटीक और पूर्ण रहें (पृष्ठ 32 पर सटीक रिकॉर्ड रखना देखें)।

### यदि आप इसे देखें, तो इसे कहें:

रिश्वत या भ्रष्टाचार की किसी वास्तविक या संदिग्ध कार्रवाई की रिपोर्ट ITT के क़ानूनी विभाग, ITT नैतिकता व अनुपालन विभाग या ITT के वित्त विभाग को करें।

## सुविधा भुगतान है…

नाममात्र का भुगतान (जिसे कभी-कभी "ग्रीज़ भुगतान" कहा जाता है) जिसे नेमी, गैर-विवेकाधीन सरकारी कार्रवाई जिसके लिए कंपनी पहले ही हकदार है, करने या उसमें तेज़ी लाने के लिए सरकारी अधिकारी को सीधे दिया जाता है, जैसे सरकारी कागज़ी कार्रवाई करना, सामान लोड या अनलोड करना, मेल लेना या पहुँचाना या फ़ोन सेवा, पानी या बिजली की आपूर्ति प्राप्त करना।

## क्या आप जानते हैं?

रिश्वतखोरी क़ानून हर देश में अलग-अलग हैं, इसलिए ITT हमारी नीति याद रखना आसान बनाती है - किसी रूप में रिश्वत हमेशा ग़लत और हमेशा वर्जित है, चाहे वह किसी (जैसे, सरकारी अधिकारी या वाणिज्यिक ग्राहक) को दी गई हो या ली गई हो।

### यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** क़ानूनी; नैतिकता व अनुपालन; वित्त

**ITT नीति:** भ्रष्टाचार-रोधी

# उपहार, मनोरंजन और यात्रा

साथ मिलकर... हम समझते हैं कि व्यापार शिष्टाचारों का आदान-प्रदान काम के अच्छे रिश्ते बना सकते हैं, लेकिन हम यह सुनिश्चित करने के लिए सत्यनिष्ठा से कार्रवाई करने और हमारी कंपनी की नीतियों का पालन करने के लिए सावधान रहते हैं कि व्यापार शिष्टाचार कभी भी किसी को गैर-क़ानूनी रूप से या बेईमानी से कार्रवाई करने के लिए राजी करने के इरादे से न दिया जाए।

## ITTers के रूप में...



### हमारी नीतियों से परिचित हों।

- सुनिश्चित करें कि आपको पता है कि क्या उपयुक्त है। कभी भी ऐसा कुछ न दे या लें जो:
    - व्यापार प्राप्त करें या बनाए रखने के लिए दिया जा रहा है।
    - व्यापार के फ़ैसले को प्रभावित कर सकता है - या प्रभावित करने का आभास दे सकता है - या जिसे प्रथागत व्यापार व्यवहार नहीं माना जाएगा।
    - क़ानून या विनियमन या देने वाले या लेने वाले की नीतियों का उल्लंघन करेगा।
    - भव्य, असाधारण या अनुचित के रूप में देखा जा सकेगा।
    - ITT को शर्मिंदा कर सकता है या हमारी प्रतिष्ठा को नुक़सान पहुँचा सकता है।
- अपने निजी कोष का इस्तेमाल करके या किसी अन्य को ऐसा काम करने के लिए कहकर कभी भी नियमों को दरकिनार न करें जिसे करने की खुद आपको अनुमति नहीं है।
- व्यापार के फ़ैसले को अनुचित तरीके से प्रभावित करने के इरादे से व्यापार शिष्टाचार के लिए कभी अनुरोध न करें या प्रदान न करें
- किसी ऐसे उपहार या निमंत्रण से इनकार कर दें जो नाममात्र मूल्य से ज़्यादा है या हमारी नीतियों से असंगत लगता है और ऐसी पेशकश की रिपोर्ट तुरंत अपने प्रबंधक या पर्यवेक्षक को करें।
- सुनिश्चित करें कि सभी उपहार पारदर्शी और सटीक रूप से ITT की बहियों और रिकॉर्ड में दर्ज किए जाते हैं।

### प्रवउ

**प्र:** मेरी टीम के सदस्य और मैं एक आपूर्तिकर्ता के साथ आपूर्तिकर्ता द्वारा ITT के लिए काम करने की संभावना पर चर्चा करने के लिए देर तक काम कर रहे हैं। आपूर्तिकर्ता ने सुझाव दिया है कि हम ब्रेक ले लें और रात के भोजन के लिए बाहर चलें। उन्होंने पूरी टीम के लिए रात का भोजन ख़रीदने की पेशकश की है। क्या मेरी टीम के सदस्यों और मेरे लिए आपूर्तिकर्ता द्वारा रात का भोजन ख़रीदने के प्रस्ताव को स्वीकार करना अनुमति-योग्य है?

**उ:** नहीं। जबकि आप विशेष आपूर्तिकर्ता का इस्तेमाल करने के बारे में फ़ैसला लेने की प्रक्रिया में हैं, तो आपको सावधान रहना चाहिए कि अनुपयुक्त प्रभाव में न आएँ - या इसका आभास म दें कि आपको प्रभावित किया गया है। रात का भोजन साथ लेने की अनुमति दी जा सकती है; तथापि, हर कंपनी को अपने-अपने कर्मचारियों के भोजन के लिए भुगतान करना चाहिए।

## जब हमारे वाणिज्यिक ग्राहकों की बात आती है, तो आप...

### यह दे या ले सकते हैं:

- नाममात्र मूल्य का उपहार जो स्थानीय अवकाश या ईवेंट से जुड़ा या मान्यता प्राप्त है।

- नाममात्र मूल्य का प्रचारपरक आइटम जिस पर पहचानकर्ता (नाम, लोगो, आदि) है और विज्ञापन या यादगार के प्रयोजनों या सद्भावना उत्पन्न करने के लिए ग्राहकों को दिया जा रहा है।

### मनोरंजन दे या ले सकते हैं (जिसमें भोजन, सामाजिक ईवेंट और खेल ईवेंट शामिल हैं), यदि:

- आप और ग्राहक दोनों भाग लेते हैं।
- पेशकश मुनासिब है और वैध व्यापार प्रयोजन सिद्ध करती है।
- पेशकश कभी-कभार होती है।

### ITT के क़ानूनी विभाग से पूर्व लिखित स्वीकृति के बिना यात्रा या रात में आवास दे या ले नहीं सकते।

## जब हमारे सरकारी ग्राहकों की बात आती है, तो आप...

### हमारी नीतियों के अनुसार केवल "मामूली" जलपान और भोजन उपलब्ध करवा सकते हैं।

### प्रवउ

**प्र:** वाणिज्यिक ग्राहक ने हमारे परीक्षण परिसर की विज़िट करने के लिए कहा है। ऐसा करने के लिए, उसे हवाई जहाज से यात्रा करने और परिसर के नजदीक होटल में रात बिताने की ज़रूरत होगी। उसने मुझसे पूछा है कि क्या ITT यात्रा की लागत का भुगतान करेगी।

**उ:** जब तक विज़िट के लिए वैध व्यापार कारण है, और ख़र्च मुनासिब हैं और केवल परीक्षण परिसर की विज़िट से संबंधित हैं, तब तक संभावना है कि यात्रा के लिए भुगतान किया जा सकता है। आपको सुनिश्चित करना होगा कि आप हमारी नीतियों और साथ ही ग्राहक की नीतियों का अनुपालन करते हैं और सभी ज़रूरी स्वीकृतियाँ अग्रिम में ले लेते हैं।

## सरकारी ग्राहक है...

कोई संघीय, राज्य या स्थानीय सरकार का कर्मचारी, सैन्य अधिकारी, राजनीतिक अधिकारी या राजनीतिक पार्टी।

### यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** स्थानीय प्रबंधक या पर्यवेक्षक; नैतिकता व अनुपालन; क़ानूनी

**ITT नीति:** ग्राहकों और सरकारी अधिकारियों के लिए उपहार, आतिथ्य व यात्रा

# आपूर्तिकर्ताओं और अन्य तृतीय पक्षों के साथ काम करना

साथ मिलकर… हम सफलता के समाधान खोजने और हमारे व्यापार को मजबूत करने में मदद के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं और अन्य तृतीय-पक्षों के साथ ईमानदार और उत्पादक साझेदारी पर भरोसा करते हैं। हम हमारे समकक्षों के साथ निष्पक्ष और सम्मान का व्यवहार करते हैं, और हम उनसे उम्मीद करते हैं वे हमारे उच्च मानक बनाए रखेंगे।

## ITTers के रूप में...



### संबंध बुद्धिमानी से चुनें।

- आपूर्तिकर्ता चुनते समय, स्थापित किए गए दिशा-निर्देशों या नीतियों के भीतर काम करना सुनिश्चित करें और अपने फ़ैसले हमेशा वस्तुनिष्ठ मानदंडों पर आधारित करें जैसे गुणवत्ता, मूल्य और सेवा।
- सुनिश्चित करें कि आप जानते हैं कि आप किसके साथ काम कर रहे हैं, वे किन व्यापार प्रथाओं का पालन करते हैं और ईमानदारी और नैतिकता से संचालन करने की उनकी प्रतिष्ठा क्या है।
- सुनिश्चित करें कि आपूर्तिकर्ता हमारी आपूर्तिकर्ता अपेक्षा प्रोटोकॉल को जानकर और उससे सहमत होकर समझते हैं कि हम उनसे क्या उम्मीद रखते हैं।
- आपूर्तिकर्ता के संबंधों का इस्तेमाल कभी भी निजी लाभ के लिए न करें जिनमें वित्तीय लाभ, निजी काम के निष्पादन, खुद के या परिवार के सदस्यों के लिए रोज़गार, उपहार, सेवाएँ या निजी छूट शामिल हैं।
- कभी भी अनुचित उपहार, मनोरंजन, छूट, किकबैक या कुछ ऐसा स्वीकार न करें जो आपके द्वारा वस्तुनिष्ठ फ़ैसला लेने में बाधक हो सकता है – या दूसरों के द्वारा हस्तक्षेप करता हुआ माना जा सकता है।
- इससे पहले कि आप तृतीय पक्ष के साथ ITT की किसी योजना, जानकारी, सिस्टम्स या प्रक्रियाओं पर चर्चा करें, निश्चित करें कि मौजूदा गैर-प्रकटीकरण समझौता यथास्थान है।
- किसी को बिक्री एजेंट, मार्केटिंग प्रतिनिधि, वितरक या डीलर के रूप में संलग्न करने के लिए ITT की नीति का पालन करें। इसमें यह सुनिश्चित करने के लिए ITT नैतिकता व अनुपालन विभाग और ITT के क़ानूनी विभाग को संलग्न करते हुए, तृतीय पक्ष की ज़रूरी जाँच-पड़ताल के माध्यम से पुनरीक्षण शामिल है कि सभी ज़रूरी जाँच पड़ताल और उपयुक्त क़ानूनी अपेक्षाओं का पालन किया गया है।
- ध्यान रखें कि ITT के क़ानूनी विभाग द्वारा पैरवी करने वालों के इस्तेमाल की पूर्व-स्वीकृति होनी चाहिए।

### यदि आप इसे देखें, तो इसे कहें:

अपने मूल्य केंद्रित रणनीतिक सोर्सिंग संगठन और/या ITT के वैश्विक अप्रत्यक्ष सेवा विभाग के संयोजन में, यह सुनिश्चित करने के लिए हमारे आपूर्तिकर्ताओं के काम की निगरानी करें कि वे हमारी संहिता, हमारी नीतियों और अपने अनुबंधपरक दायित्वों पर कायम हैं। यदि आपको किसी उल्लंघन का संदेह होता है, तो अपनी चिंता बताएँ।

### प्रवउ

**प्र:** आपूर्तिकर्ता मुश्किल समय का सामना कर रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि हम कुछ अन्य आपूर्तिकर्ता छोड़ दें, तो वह हमें कटौती की दर पर सभी सामग्री की बिक्री करके अंतराल भर सकती है, और कि इसमें "कुछ" मेरे लिए भी हो सकता है। यह सही नहीं लगता, लेकिन फिर भी इससे ITT का काफ़ी धन बच सकता है। मैं क्या करूँ?

**उ:** यह विक्रेता आपके लिए किकबैक का सुझाव दे रहा हो सकता है, जो ऐसी गतिविधि है जिसे हम सख़्ती से प्रतिबंधित करते हैं। इस प्रस्ताव को स्वीकार मत करें। इसके बजाय, इस पर अपने प्रबंधक या पर्यवेक्षक के साथ चर्चा करें। विक्रेताओं के साथ हमारे रिश्ते विश्वास, ईमानदारी और पारदर्शिता पर बनते हैं। हम विक्रेताओं का मूल्यांकन समान और निष्पक्ष रूप से करते हैं, जो न केवल क़ीमत पर, बल्कि अन्य अनेक अपेक्षाओं पर आधारित होता है।

## यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** स्थानीय प्रबंधक या पर्यवेक्षक; नैतिकता व अनुपालन; क़ानूनी

**ITT नीति:** आपूर्तिकर्ता अपेक्षा प्रोटोकॉल; तृतीय पक्ष प्रतिनिधि भ्रष्टाचार-रोधी

# विश्वास-रोधी और निष्पक्ष व्यवहार

साथ मिलकर... हमारा विश्वास फलते-फूलते बाज़ार-स्थल में है, और हम प्रतिस्पर्धा के संरक्षण के लिए डिज़ाइन किए गए क़ानूनों का पालन करते हैं। हम शक्तिपूर्वक, लेकिन सत्यनिष्ठा के साथ रूप से प्रतिस्पर्धा करते हैं, और हमारे प्रतिस्पर्धियों को हमारे उत्पादों और सेवाओं से मात देते हैं, कभी भी अनुचित प्रथाओं से नहीं।

## ITTers के रूप में...



### निष्पक्ष और खुली प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दें।

- याद रखें कि इसके फ़ैसले हमारे अपने हैं कि हम बाज़ार-स्थल में प्रतिस्पर्धा कैसे करें और कभी भी हमारे प्रतिस्पर्धियों के साथ चर्चा शामिल न करें।
- जिन देशों में हम काम करते हैं, वहाँ विश्वास-रोधी और प्रतिस्पर्धा क़ानूनों का पालन करें। हम ऐसी गतिविधियों में संलग्न नहीं होते जो मुक्त व्यापार या प्रतिस्पर्धा को अनुचित रूप से सीमित करती हैं, जैसे:
  - क़ीमतों या उत्पादन में हेरफेर करने के लिए प्रतिस्पर्धियों के साथ सहमत होना, ग्राहक या बाज़ार विभाजित करना या अन्य कंपनी के साथ व्यापार करने से मना करना।
  - बोली में हेराफेरी के किसी रूप में भाग लेना।
  - गैर-सार्वजनिक जानकारी का आदान-प्रदान करना जो मूल्य-निर्धारण के समन्वयन की ओर ले जा सकती है।
- प्रतिस्पर्धियों के साथ किसी ऐसी चर्चा से बचकर प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार के आभास से भी बचें जिसे प्रतिस्पर्धा की दृष्टि से संवेदनशील माना जा सकता है।

### निष्पक्ष रूप से सौदा करें।

- हमारे उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता, सुविधाओं और उपलब्धता के बारे में केवल सच्ची जानकारी प्रदान करें।
- हमारे प्रतिस्पर्धियों के उत्पादों या सेवाओं के बारे में असत्य कथन न कहें।

### प्रतिस्पर्धी की जानकारी नैतिक और क़ानूनी रूप से इकट्ठा करें।

- प्रतिस्पर्धी जानकारी की तलाश सार्वजनिक स्रोतों से करें, जैसे समाचार-पत्रों की रिपोर्ट और व्यापार पत्रों के लेख - इसे कभी भी ग़लत प्रस्तुति, चोरी या अन्य गैर-क़ानूनी या अनैतिक साधनों के माध्यम से न करें।
- प्रतिस्पर्धी की गोपनीय या स्वामित्व की जानकारी प्राप्त न करें या उसका इस्तेमाल न करें। यदि कोई आपको प्रतिस्पर्धी के बारे में ऐसी जानकारी देता है जिसके बारे में आपको विश्वास है कि वह गोपनीय हो सकती है, तो ITT के क़ानूनी विभाग से संपर्क करें।
- यदि आप सरकारी अनुबंध के लिए बोली लगा रहे हैं और आपको स्रोत चयन जानकारी मिलती है (ऐसी जानकारी जिसका इस्तेमाल सरकार बोली या प्रस्तावों का मूल्यांकन करने के लिए करती है), तो ITT के क़ानूनी विभाग से परामर्श करें।
- यदि आप ITT में प्रतिस्पर्धी से शामिल होते हैं, तो अपने पिछले नियोक्ता की गोपनीय या स्वामित्व की जानकारी का इस्तेमाल न करें।

### प्रवउ

**प्र:** मुझे अनजाने में हमारे एक ग्राहक के ईमेल पर कॉपी किया गया, जिसमें एक प्रतियोगी के बारे में कुछ गोपनीय मूल्य-निर्धारण जानकारी थी। क्या मैं इस जानकारी को अपनी टीम के अन्य लोगों के साथ साझा कर सकता हूँ?

**उ:** भले ही यह आपकी गलती नहीं थी कि ईमेल आपको भेजी गई, लेकिन प्रतियोगी की गोपनीय जानकारी का उपयोग करना हमारी संहिता का उल्लंघन है और यह क़ानून का उल्लंघन भी हो सकता है। इस बारे में सलाह लेने के लिए आपको ITT के क़ानूनी विभाग से संपर्क करना चाहिए कि क्या कदम उठाने हैं।

## यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** क़ानूनी; नैतिकता व अनुपालन

**ITT नीति:** विश्वास-रोधी और प्रतिस्पर्धा

# व्यापार अनुपालन

साथ मिलकर... हम दुनिया भर में व्यापार करते हैं और उन सभी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार क़ानूनों का पालन करते हैं, जो हमारे उत्पादों, सेवाओं और प्रौद्योगिकी के आयात और निर्यात को विनियमित करते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका आधारित कंपनी के रूप में, हम संयुक्त राज्य अमेरिका सरकार और अन्य अंतर्राष्ट्रीय सरकारों द्वारा लगाए गए सभी व्यापार और आर्थिक प्रतिबंधों का अनुपालन करते हैं, जैसा लागू हो। हम सत्यनिष्ठा का त्याग किए बिना गति और सरलता से काम करते हैं।

## ITTers के रूप में...



### व्यापार क़ानूनों का सम्मान करें।

- उन देशों से संबंधित आयात और निर्यात क़ानूनों और विनियमों का पालन करें जिनमें आप व्यापार करते हैं।
- ध्यान रखें कि सीमा पार लेनदेन में एक से ज़्यादा देश के क़ानून लागू हो सकते हैं। यदि आप ऐसी ITT व्यापार यूनिट के लिए काम करते हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित नहीं है, तो उस देश और संयुक्त राज्य अमेरिका दोनों के व्यापार क़ानून, विनियम और प्रतिबंध लागू होंगे।
- सुनिश्चित करें कि आयात या निर्यात के लिए अभिप्रेत कोई चीज़ मूल देश, गंतव्य, अंतिम इस्तेमाल और अंतिम उपयोगकर्ता के आधार पर अग्रिम रूप से ठीक तरह से वर्गीकृत की गई है - सभी ज़रूरी प्रलेखन, लेबलिंग, लाइसेंसिंग, परमिट और स्वीकृतियाँ प्राप्त करने का ध्यान रखें।
- ऐसे देशों के साथ व्यापार न करें जो संयुक्त राज्य अमेरिका या अन्य लागू व्यापार प्रतिबंधों या आर्थिक प्रतिबंधों का विषय हैं। यदि आपके पास प्रश्न हैं, तो ITT के व्यापार अनुपालन विभाग से संपर्क करें।
- उन बहिष्कारों में भाग न लें जिनका संयुक्त राज्य अमेरिका समर्थन नहीं करता। यदि आपको बहिष्कार अनुपालन करने का अनुरोध (या बहिष्कार-संबंधी जानकारी की आपूर्ति करने का अनुरोध) प्राप्त होता है, तो ITT के व्यापार अनुपालन विभाग से संपर्क करें।
- उन पक्षों को हमारी व्यापार अनुपालन नीतियाँ संप्रेषित करके हमारी आपूर्ति शृंखला की सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने के लिए अपनी भूमिका निभाएँ जो हमारी ओर से व्यापार कर रहे हैं।
- ध्यान रखें कि व्यापार क़ानूनों का उल्लंघन करने का परिणाम आयात और निर्यात विशेषाधिकार की हानि और साथ ही दीवानी या आपराधिक दंड हो सकते हैं। जब आपको व्यापार विनियमों या नीतियों के संबंध में संदेह हो, तो ITT के व्यापार अनुपालन विभाग से मार्गदर्शन लें।

### प्रवउ

**प्र:** मुझे ITT परिसर से, ITT उत्पाद ऐसे देश में ग्राहक के लिए शिप करने के लिए कहा गया है जिस पर संयुक्त राज्य अमेरिका ने प्रतिबंध लगा रखा है। यह सुझाव दिया गया है कि हम इसे इंग्लैंड में अपने वितरक को शिप कर सकते हैं, जो उसके बाद इन आइटम को अंतिम गंतव्य देश में हमारे ग्राहक को शिप कर सकता है। क्या इसकी अनुमति है?

**उ:** नहीं। इसे अभी भी गैर-क़ानूनी निर्यात माना जाएगा। चूँकि ITT संयुक्त राज्य अमेरिका आधारित कंपनी है, इसलिए इसकी सभी सहायक कंपनियों को अपने स्थानीय क़ानूनों के अतिरिक्त संयुक्त राज्य अमेरिका के व्यापार क़ानूनों और विनियमों का पालन करना होगा। इस तरह की व्यवस्था में भाग न लें, इसे नज़रअंदाज़ न करें, या इसमें किसी तरह से योगदान न करें।

## यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** व्यापार अनुपालन; क़ानूनी

**ITT नीति:** व्यापार अनुपालन मैनुअल

# सरकारी अनुबंध

साथ मिलकर... हम मानते हैं कि हमारे सरकारी ग्राहकों के साथ हमारे संबंधों में गरिमा है। हम समझते हैं कि सरकारी अनुबंधों से संबंधित क़ानून और अपेक्षाएँ आम तौर से उनकी तुलना में अधिक सख़्त होती हैं, जो हमारे वाणिज्यिक अनुबंधों को अभिशासित करती हैं।

## ITTers के रूप में...



### प्राप्ति-संबंधी सत्यनिष्ठा को बढ़ावा दें।

- संयुक्त राज्य अमेरिका सरकार के साथ व्यापार करते समय, लागू संघीय अधिग्रहण विनियमों (व्यक्तियों की तस्करी पर रोक लगाने की नीतियों सहित), ITT के अनुबंधकर्ता ज़िम्मेदारी कार्यक्रम (CRP), और हमारे संयुक्त राज्य अमेरिका सरकार आचार-संहिता के पूरक के साथ अनुबंधों का अनुपालन करें।
- सुनिश्चित करें कि हमारे उप-अनुबंधकर्ता समझते हैं कि हमारे सरकारी अनुबंधों में ऐसी अपेक्षाएँ हैं, जो उनके उप-अनुबंध पर भी लागू होती हैं, जिसमें, कुछ मामलों में, आचार संहिता का रखरखाव शामिल है।
- निम्नलिखित को प्राप्त या इस्तेमाल करने की कोशिश मत करें:
  - सरकारी गोपनीय जानकारी या स्रोत चयन जानकारी।
  - अन्य अनुबंधकर्ताओं की गैर-सार्वजनिक बोली या प्रस्ताव जानकारी जिसमें लागत या मूल्य-निर्धारण डेटा या स्वामित्व की जानकारी शामिल है।
- जब उपहार, मनोरंजन या यात्रा प्रदान करने की बात आती है, तो नियमों का पालन करें जैसे कि हमारी नीतियों में निर्धारित किए गए हैं
- सुनिश्चित करें कि गुणवत्ता आश्वासन और सामग्री सोर्सिंग हमारे अनुबंधों के विनिर्देशों को पूरा करते हैं।
- मौजूदा या पूर्व सरकारी अधिकारियों या कर्मचारियों, सैन्य कार्मिकों या उनके परिवार के सदस्यों के साथ जॉब या व्यापार के अवसरों पर चर्चा न करें जब तक ITT के मानव संसाधन विभाग या ITT के क़ानूनी विभाग द्वारा अधिकृत न किया गया हो।
- सुनिश्चित करें कि हम सरकारी अनुबंध पर मोलभाव में जो जानकारी जमा करते हैं, वह सभी सटीक, मौजूदा और पूरी है।

### अच्छे संचालक बनें।

- सभी गोपनीय, स्वामित्व की या नियंत्रित प्रौद्योगिकी जानकारी तक पहुँच की ठीक से रक्षा और नियंत्रण करें, जो जारी हो जाने पर, देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ख़तरा पैदा कर सकती है (यानी, वर्गीकृत जानकारी)।
- सुनिश्चित करें कि किसी सरकारी संपत्ति जिसका उपयोग करने के लिए ITT अधिकृत है, उसका उपयोग लागू अनुबंधों के अनुसार किया जाता है।
- टीम के सदस्यों, विज़िटर, सलाहकारों, उप-अनुबंधकर्ताओं और अन्य व्यापार साझेदारों को गोपनीय, स्वामित्व की या नियंत्रित प्रौद्योगिकियों, जानकारी या परिसरों के प्रतिबंधित क्षेत्रों तक पहुँच देने से पहले सुनिश्चित करें कि उनके पास उचित प्राधिकरण है।

**आपको अपने प्रबंधक या पर्यवेक्षक या ITT क़ानूनी विभाग से संपर्क करना चाहिए, यदि:**

- आपके पास आपके द्वारा किए जाने वाले सरकारी अनुबंध के काम के बारे में कोई प्रश्न है।
- आप हमारे सरकार/अनुबंधकर्ता संबंध में किसी हित के टकराव के बारे में जानते हैं या आपको ऐसा संदेह है।
- आप हमारी संहिता और देश विशेष के क़ानून के बीच कोई विरोध पाते हैं।
- सरकारी प्रतिनिधि ने लेखा-परीक्षा या जाँच-पड़ताल के संबंध में आपको संपर्क किया हैं।

## यदि आप इसे देखें, तो इसे कहें:

ऐसी किसी गतिविधि के बारे में आवाज़ उठाएँ जो हमारे सरकारी अनुबंधों को ख़तरे में डाल सकती है।

## यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** स्थानीय प्रबंधक या पर्यवेक्षक; क़ानूनी; नैतिकता और अनुपालन

**ITT नीति:** पे टु प्ले अनुपालन; आचार-संहिता का पूरक: संयुक्त राज्य अमेरिका सरकार के साथ अनुबंध करना

# व्यक्तिगत संबंध और हितों का टकराव

साथ मिलकर... जब ऐसे व्यक्तिगत हितों या संबंधों की बात आती है, तो हम पारदर्शी होते हैं, जो ITT के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेने की हमारी क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं। हम इस मामले में सचेत हैं कि जब हम ऐसे व्यापारिक फ़ैसले लेते हैं जिनमें हमारे दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल होते हैं तो हमारी स्थिति में हित का टकराव पैदा करने की संभावना होती है।

## ITTers के रूप में...



### टकराव से बचें।

- उन परिस्थितियों के प्रति सचेत रहें जिनमें ITT टीम के अन्य सदस्य, आपूर्तिकर्ता, ग्राहक या अन्य हितधारक के साथ आपके निजी संबंध आपकी स्वतंत्र वित्तीय, रोज़गार या अन्य व्यापारिक फ़ैसले लेने की क्षमता से समझौता सकते हों (यानी, हित का टकराव पैदा कर सकते हों)।
- ITT में अपनी स्थिति का इस्तेमाल कभी भी परिवार के सदस्य या किसी ऐसे व्यक्ति को अनुचित वित्तीय लाभ देने, या उससे निजी वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए न करें, जिसके साथ आपका निजी संबंध है।
- किसी को कभी ऐसी कंपनी के साथ व्यापार संबंध बनाने, जारी रखने या समाप्त करने के लिए प्रभावित न करें जिसमें आपका या आपके परिवार के सदस्य का वित्तीय हित है।
- रोज़गार के ऐसे फ़ैसलों में भाग न लें (जैसे, काम पर रखना, मुआवज़ा, पदोन्नति, बर्ख़ास्तगी) जिनमें आपके परिवार के सदस्य शामिल हैं।

### यदि आप इसे देखें, तो इसे कहें:

यदि आपका हित का टकराव है, तो टकराव की प्रकृति का खुलासा करें और खुद को किसी संबंधित फ़ैसला लेने से निकाल लें। यदि आपको इस बारे में संदेह हैं कि हित का टकराव है या नहीं, तो ITT के क़ानूनी विभाग के साथ अपनी स्थिति पर चर्चा करें।

### प्रवउ

**प्र:** मैं नए आपूर्तिकर्ता के लिए निर्णय लेने वाली टीम का हिस्सा हूँ और मेरा कज़िन उन कंपनियों में से एक के लिए काम करता है, जिन पर हम विचार कर रहे हैं। मेरे कज़िन के पास वह ज्ञान और अनुभव है, जिससे ITT को फायदा हो सकता है और उनकी कंपनी का समय पर डिलीवरी के मामले में बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड है। क्या मेरे लिए उसका परिचय ITT में कुछ लोगों से कराना ठीक है, ताकि वह उन्हें अपनी कंपनी के बारे में बता सके?

**उ:** भले ही आप यह मानते हों कि आपके कज़िन की कंपनी ITT के साथ अच्छी तरह से फिट हो सकती है, लेकिन आपको अपने संबंधों के बारे में पारदर्शी होना चाहिए और निर्णय लेने की प्रक्रिया से खुद को हटाना चाहिए, ताकि किसी पक्षपात या अनुचित के आभास का संकेत भी न मिले।

### ऐसे निजी वित्तीय हितों के प्रति सचेत रहें जो टकराव पैदा कर सकते हैं।

- ITT के प्रतिस्पर्धी, ग्राहक या आपूर्तिकर्ता के लिए सलाहकार के रूप में काम करने के अवसर स्वीकार न करें या उनसे सहमत न हों।
- ऐसी कंपनी में प्रभावशाली वित्तीय हित न रखें - या उस पर नियंत्रण न करें - जो ITT के साथ व्यापार करती है, या व्यापार करना चाहती है या प्रतिस्पर्धा करती है। टकराव की संभावना आम तौर से आपके निवेश के आकार, आपके जॉब और व्यापार के रिश्ते की प्रकृति पर निर्भर करेगी।

## प्रवउ

**प्र:** मैं छह कर्मचारियों की टीम का प्रबंधक हूँ। हाल ही में, मेरा अपने प्रबंधन वाले लोगों में से एक के साथ रोमांटिक संबंध हो गया है। क्या इससे हितों का टकराव पैदा होता है?

**उ:** हाँ। प्रबंधक के रूप में, आपका दायित्व है कि आप प्रारंभिक अवस्था में ही रोमांटिक संबंध प्रकट करें और आपके और आपके प्रत्यक्ष रिपोर्ट के बीच रिपोर्टिंग संबंध की समीक्षा की जाएगी।

## परिवार के सदस्यों में शामिल हैं...

जीवन-साथी, माता-पिता और सौतेले माता-पिता, बच्चे और सौतेले-बच्चे, भाई और बहनें, सौतेले-भाई और सौतेली बहनें, भतीजे और भतीजियाँ, चाचियाँ और चाचा, चचेरे भाई, दादा-दादी और पोते-पोतियाँ, ससुराल के लोग और घरेलू नौकर के अलावा कोई ऐसा व्यक्ति जो आपके साथ रहता है।

## यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें


**संपर्क:** स्थानीय प्रबंधक या पर्यवेक्षक; नैतिकता व अनुपालन; क़ानूनी

**ITT नीति:** हित का टकराव; निकटता से संबंधित व्यक्तियों को काम पर रखना

# हमारे शेयरधारक और हमारे समुदाय

- बौद्धिक संपदा
- गोपनीय और स्वामित्व जानकारी और व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी
- भौतिक और वित्तीय परिसंपत्तियाँ
- सटीक रिकॉर्ड रखना
- ITT की ओर से बात करना
- पर्यावरण संरक्षण और मानवाधिकार
- सकारात्मक प्रभाव बनाना

हमें **गर्व है व हम कभी संतुष्ट नहीं होते** और अपने शेयरधारकों और हमारे द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले समुदायों की बेहतरी के लिए ITT को बदलने के लिए **नवीनीकरण के लिए जुनून** के साथ व्यापार संचालित करते हैं। हम **विवरण स्तर व डेटा-आधारित निर्णय लेने** के साथ अपने हितधारकों की बेहतर सेवा करने के लिए निश्चय करते हैं। हमारे नेता **सेवा नेतृत्व** को पुरस्कृत करते हैं।



# बौद्धिक संपदा

साथ मिलकर… हम अपने कर्मचारियों की उत्सुकता और संचालन से बनाई गई बौद्धिक संपदा (IP) के मूल्य को समझते हैं और इसकी रक्षा के लिए अपनी जिम्मेदारी को पहचानते हैं। जो प्रौद्योगिकी, विधियाँ और जानकारी हमारे पास है, वह हमें वह बनाती है, जो हम हैं, इसलिए हम उनकी अनधिकृत इस्तेमाल या प्रकटीकरण से रक्षा करने के लिए सावधान रहते हैं।

## ITTers के रूप में…

### हमारी बौद्धिक संपदा की रक्षा करें।

- जब आप IP की रचना करें तो इसकी रक्षा के लिए उचित उपाय तय करने के लिए ITT के क़ानूनी विभाग के साथ काम करें। याद रखें, जब यह सार्वजनिक हो जाएगी (उदाहरण के लिए, उत्पाद बेचकर), तो इसे सुरक्षित करने का मौका हमेशा के लिए खो जाएगा।
- कंपनी के अंदर IP केवल उनके साथ साझा करें जिनके पास इसे जानने की वैध व्यापारिक ज़रूरत है।
- कंपनी के बाहर IP केवल उनके साथ साझा करें जिनके पास इसे जानने की वैध व्यापारिक ज़रूरत है और जिन्होंने गैर-प्रकटीकरण समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।
- दूसरों की IP का इस्तेमाल केवल ITT के क़ानूनी विभाग से सलाह माँगने और प्राप्त करने के बाद करके, उसका सम्मान करें।
- अवांछित IP निपटान के लिए तुरंत ITT के क़ानूनी विभाग को अग्रेषित कर दें। इसका इस्तेमाल मत करें। इसे साझा न करें।
- याद रखें, यदि आप ITT छोड़ते हैं, तो हमारी IP का इस्तेमाल या खुलासा न करने का आपका दायित्व बना रहेगा।

### बौद्धिक संपदा है…

उत्पाद या प्रक्रिया के लिए विचार जो मूल रचनात्मक विचार का परिणाम है। इसमें पेटेंट, तकनीकी डेटा, कॉपीराइट और तकनीकी जानकारी, और साथ ही हमारे ट्रेडमार्क, व्यापार रहस्य, व्यापारिक डेटा और बिज़नेस विधियाँ शामिल हैं।

### व्यापार रहस्य/तकनीकी जानकारी है…

ऐसी सामग्री जो उपयोगी है, आर्थिक मूल्य प्रदान करती है, जिसे आसानी से प्राप्त नहीं किया जा सकता या स्वतंत्र रूप से कल्पना नहीं की सकती और जो उसके स्वामी द्वारा पर्याप्त रूप से संरक्षित है। इसे सरकारी पंजीकरण द्वारा रक्षित नहीं किया जा सकता। इसमें मौजूदा या नियोजित उत्पादों, आपूर्तिकर्ता सूचियाँ, मार्केटिंग या सेवा रणनीतियों के बारे में गोपनीय या स्वामित्व की जानकारी शामिल हो सकती है।

## क्या आप जानते हैं?

ऐसे किसी उत्पाद (उदाहरण के लिए, विचार, प्रक्रिया, ट्रेडमार्क, आविष्कार या सुधार) की स्वामी ITT होती है जिसकी आप हमारे साथ अपने काम के सिलसिले में कल्पना करते हैं। आपके द्वारा हमारा संगठन छोड़ देने पर भी स्वामित्व जारी रहता है।

## यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** क़ानूनी

**ITT नीति:** बौद्धिक संपदा

# गोपनीय और स्वामित्व जानकारी और व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी

साथ मिलकर... हम ज्ञान - जानकारी, तकनीकी जानकारी, व्यापार रहस्यों, कौशलों और डेटा - को महत्वपूर्ण परिसंपत्ति के रूप में देखते हैं, जो डेटा-आधारित निर्णय लेने को सक्षम बनाता है और हमें प्रतिस्पर्धी लाभ देता है। हमें हमारे टीम के सदस्यों, हमारी कंपनी, हमारे ग्राहकों, हमारे प्रतिस्पर्धियों और उन कंपनियों के बारे में गोपनीय और स्वामित्व की जानकारी की रक्षा करनी होगी, जिनके साथ हम व्यापार करते हैं। हम सभी लागू जानकारी सुरक्षा और डेटा गोपनीयता क़ानूनों और विनियमों का पालन करते हैं।

## ITTers के रूप में...



### जानें कि क्या गोपनीय है।

- ज्ञान के उस प्रकार की पहचान करें जिसकी हमें रक्षा करने की ज़रूरत है:
    - हमारे व्यापार के बारे में जानकारी जैसे नई उत्पाद शोध, विनिर्देश या डिज़ाइन, विनिर्माण प्रक्रियाएँ और विधियाँ, वित्तीय अनुमान, बिक्री और आय के अप्रकाशित आँकड़े, व्यापार की रणनीतिक योजना, संभावित विनिवेश, विलय या अधिग्रहण गतिविधि, उत्पाद लागत जानकारी, मार्केटिंग की योजनाएँ और ग्राहक सूचियाँ।
    - हमारी टीम के सदस्यों, सलाहकारों, व्यापार साझेदारों, ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के बारे में निजी रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी (PII)।
    - हमारी टीम के सदस्यों और उनके परिवारों के बारे में जानकारी जैसे लाभ, मुआवज़ा, कार्य-क्षमता की जानकारी, और स्वास्थ्य और चिकित्सा जानकारी।
    - ऐसे लोगों के बारे में जानकारी जो ITT में जॉब के लिए आवेदन करते हैं, जैसे पृष्ठभूमि की जाँच, नशीली दवा परीक्षण के परिणाम और वित्तीय रिकॉर्ड।
    - अन्य कंपनियों के बारे में जानकारी जैसे जो गैर-प्रकटीकरण समझौते के अंतर्गत संरक्षित हों।

### पहचान करने वाली निजी जानकारी है...

वह जानकारी होती है जिसका इस्तेमाल विशिष्ट व्यक्ति की पहचान करने के लिए किया जा सकता है, उदाहरण के लिए: पता, फ़ोन नंबर, ड्राइवर का लाइसेंस नंबर, क्रेडिट कार्ड नंबर, फ़ोटो, जन्म-तिथि या बैंकिंग और पेरोल जानकारी।

### प्रवउ

**प्र:** जब मैं ITT की साझा कंप्यूटर ड्राइव पर अपनी फ़ाइल की तलाश कर रहा था, तो मुझे फ़ोल्डर मिला जिसमें टीम के सदस्यों के मुआवज़े, जन्म-तिथियों, प्रस्ताव पत्रों और निष्पादन समीक्षाओं के बारे में गोपनीय जानकारी निहित थी। मैं क्या करूँ?

**उ:** PII से युक्त सभी फ़ाइलें उपयुक्त पासवर्ड और एन्क्रिप्शन के साथ ठीक से संगृहीत और सुरक्षित की जानी चाहिए। इस स्थिति में, आपको दस्तावेज़ को तुरंत बंद कर देना चाहिए और अपनी प्राप्ति को ITT के मानव संसाधन विभाग को रिपोर्ट करना चाहिए ताकि जानकारी को ठीक से सुरक्षित किया जा सके। फ़ाइल की प्रतिलिपि न बनाएँ, डाउनलोड न करें, प्रिंट न करें या किसी अन्य तरह अनुलिपि न बनाएँ।

## इसकी रक्षा करने के लिए अपनी ज़िम्मेदारी निभाएँ।

- जहाँ आप काम करते हैं, वहाँ हमारी नीतियों और क़ानूनों का पालन करें।
- उन नियमों और अपेक्षाओं को जानें जो लेबलिंग, संभाल, वितरण और जानकारी के निपटान से संबंधित हैं, जिनमें हमारी रिकॉर्ड प्रबंधन नीतियाँ शामिल हैं।
- गोपनीय व्यापार जानकारी का खुलासा या PII केवल उन्हें करें जो अधिकृत हैं और जिन्हें अपना काम करने के लिए इसकी ज़रूरत है।
- आप इस तरह की जो जानकारी साझा करते हैं, उसे उस मात्रा तक सीमित करें जो व्यापारिक प्रयोजन पूरा करने के लिए ज़रूरी है।
- गोपनीय व्यापारिक जानकारी या PII के बारे में कभी भी एलेवेटर, विमानों, ट्रेन्स और रेस्टोरेंट जैसे सार्वजनिक स्थानों में बात न करें, और इस पर मित्रों या परिवार के साथ चर्चा न करें।
- पूर्व नियोक्ता या PII से गोपनीय जानकारी ITT के साथ साझा न करें, और यदि आप ITT छोड़कर चले जाते हैं, तो हमारी गोपनीय जानकारी अपनी नई कंपनी के साथ साझा न करें।
- अपने खुद के प्रयोजनों या तृतीय पक्ष के लिए गोपनीय जानकारी या PII का उपयोग तब तक न करें, जब तक आपके रोजगार के उचित क्रम में ITT द्वारा अधिकृत न किया गया हो।

## यदि आप इसे देखें, तो इसे कहें:

किसी PII या अन्य जानकारी उल्लंघन या जानकारी हानि, दुरुपयोग, अनुपलब्धता या अन्य सुरक्षा घटना की हमारी नीतियों के अनुसार तुरंत रिपोर्ट करें, जिसके बारे में आपको जानकारी मिलती है। यदि आपके कोई प्रश्न या चिंताएँ हैं, तो ITT के क़ानूनी विभाग से संपर्क करें।

### प्रवउ

**प्र:** मैं हाल ही में एक प्रतिस्पर्धी से ITT में काम करने के लिए आया हूँ और मेरे पास साझा करने के लिए ऐसी जानकारी है, जिससे मेरे विचार से बड़ी मदद मिलेगी। क्या ऐसे दस्तावेज़ साझा करने में कोई समस्या है, जो ITT के लिए उपयोगी हो सकते हैं?

**उ:** यदि जानकारी आपके पूर्व नियोक्ता के यहाँ गोपनीय मानी जाती है, तो आप इसे साझा नहीं कर सकते। आपको आपकी विशेषज्ञता के लिए काम पर रखा गया, इसलिए नहीं कि ITT प्रतिस्पर्धी की गोपनीय जानकारी हासिल कर सके। यदि आपको अपने पास अपने पूर्व नियोक्ता से गोपनीय जानकारी की प्रकृति के बारे में कोई संदेह है, तो ITT के क़ानूनी विभाग से संपर्क करें।

## यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** क़ानूनी

**ITT नीति:** व्यापार की स्वामित्व की जानकारी

।

# भौतिक और वित्तीय परिसंपत्तियाँ

साथ मिलकर… हम ITT की भौतिक और वित्तीय परिसंपत्तियों के अच्छे संचालक हैं। हम व्यापारिक प्रयोजनों के लिए उनका उचित रूप से इस्तेमाल करते हैं और उनके दुरुपयोग, ख़राब इस्तेमाल, चोरी और धोखाधड़ी बचाने के लिए और काम करते हैं।

## ITTers के रूप में…



### हमारी परिसंपत्तियों की रक्षा करें।

- ITT की भौतिक या वित्तीय परिसंपत्तियों का इस्तेमाल निजी लाभ के लिए मत करें, या दूसरों को ऐसा करने की अनुमति न दें।
- चोरी या धोखाधड़ी में भाग मत लें, या दूसरों को भाग लेने की अनुमति न दें।
- हमारी नीतियाँ पढ़ें और खुद को उनसे परिचित करवाएँ। वे वह बुनियादी सुरक्षा जानकारी प्रदान करती हैं, जिसे आपको जानने की ज़रूरत है।
- केवल ITT द्वारा अधिकृत और स्वीकृत सॉफ़्टवेयर और हार्डवेयर का इस्तेमाल करें।
- ITT की परिसंपत्तियों का अपना इस्तेमाल कॉरपोरेट प्रयोजनों तक सीमित करें। टेलीफ़ोन, कंप्यूटर और अन्य डिवाइस का कभी-कभार निजी इस्तेमाल स्वीकार्य है, जब तक कि यह आपकी उत्पादकता में हस्तक्षेप न करे, क़ानून या हमारी नीतियों का उल्लंघन न करे या ITT के लिए अनुचित लागत का कारण न बने। ITT कंप्यूटर या फ़ोन का इस्तेमाल कभी भी गैर-क़ानूनी, अश्लील, अपवित्र, कामुक, यौन की दृष्टि से उत्पीड़क, नस्लवादी, अपमानजनक या भड़काऊ सामग्री तक पहुँच करने का उसका प्रसार करने के लिए मत करें।
- ITT के सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों का इस्तेमाल करते समय गोपनीयता की कोई उम्मीद न करें, जिनमें टेलीफ़ोन और ईमेल शामिल हैं। हमारी प्रौद्योगिकी परिसंपत्तियाँ कंपनी की संपत्ति है, और हम क़ानून द्वारा अनुमति की पूर्ण सीमा तक इस्तेमाल और सामग्री की निगरानी करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

#### प्रौद्योगिकी संपत्तियों में शामिल हैं…

हार्डवेयर, सॉफ़्टवेयर, ई-मेल, ध्वनि मेल, इंट्रानेट और इंटरनेट पहुँच, कंप्यूटर फ़ाइलें, प्रोग्राम और डेटा और कोई जानकारी जिसे हम इन सिस्टम्स और संसाधनों पर बनाते, भेजते, प्राप्त करते, डाउनलोड करते या संग्रह करते हैं।

### यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** वित्त; नैतिकता व अनुपालन; साइबर सुरक्षा

**ITT नीति:** वैश्विक रूप से स्वीकार्य उपयोग

# सटीक रिकॉर्ड रखना

साथ मिलकर... हममें से प्रत्येक, हमारी कंपनी के प्रत्येक स्तर पर यह सुनिश्चित करने के लिए ध्यान देता है कि हमारे व्यापारिक रिकॉर्ड वास्तविक ईवेंट्स का सटीक चित्रण करते हैं। हम क़ानून का पालन सुनिश्चित करके रिकॉर्ड के समूचे जीवन चक्र में, उनकी रचना, इस्तेमाल और वितरण से लेकर सुरक्षा, अवधारण और निपटान तक उन निर्धारित प्रणालियों, नियंत्रणों और कार्य-प्रणालियों पर कायम रहते हैं। हम समझते हैं कि रिकॉर्ड रखने में सटीकता ऐसी ज़िम्मेदारी है जिसे हम सभी साझा करते हैं।

## ITTers के रूप में...



### हमारी परिसंपत्तियों की रक्षा करें।

सभी बहियों और रिकॉर्ड की सटीकता और सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करें।

- डेटा या जानकारी की ग़लत रिपोर्ट या ग़लत प्रस्तुति न करें, जैसे आदेश, बिक्री, वस्तु सूची, लाभ, काम के घंटे और ख़र्च।
- सटीक, सत्य, पूर्ण कथन, रिपोर्ट और प्रविष्टियाँ करें, और दूसरों को भी ऐसा ही करने के लिए प्रोत्साहित (या सक्षम) करें।
- आंतरिक प्रक्रियाओं, नियंत्रणों और लेखांकन सिद्धांतों की हमारी प्रणाली का अनुपालन करें।
- केवल उन रिकॉर्ड तक पहुँच करें जिन्हें देखने के लिए आप अधिकृत हैं। केवल उन व्यक्तियों के साथ रिकॉर्ड साझा करें या खुलासा करें जो जानकारी देखने के लिए अधिकृत हैं और जिनके पास ऐसी पहुँच के लिए प्रकट व्यापारिक प्रयोजन है।
- रिकॉर्ड उस तरह बनाए रखें जैसा हमारी रिकॉर्ड प्रबंधन और प्रतिधारण नीति में निर्धारित किया गया है
- यदि आपके पास ऐसा रिकॉर्ड है जो क़ानूनी अवधारण के अधीन है, तो अधिसूचना के दिशा-निर्देशों का पालन करें। यदि आप निश्चित नहीं हैं कि क्या अपेक्षित है, तो ITT के क़ानूनी विभाग से पूछें।

### रिकॉर्ड है...

रिकॉर्ड कागज़ पर या इलेक्ट्रॉनिक हो सकता है और इसमें मेमो, ईमेल, अनुबंध या रिपोर्ट जैसे आइटम शामिल हैं। रिकॉर्ड समय कार्ड, व्यय रिपोर्ट या उत्पादन रिपोर्ट भी हो सकती है। यह इलेक्ट्रॉनिक कैलेंडर, मुलाक़ात पुस्तिका, ध्वनि मेल संदेश या ख़र्च के रिकॉर्ड का रूप भी ले सकता है।

### प्रवउ

**प्र:** लेखा परीक्षक ने मेरे विभाग से कुछ रिकॉर्ड के लिए अनुरोध किया है और मुझे एहसास हुआ है कि कुछ प्रविष्टियाँ ग़लत हैं। क्या यह स्वीकार्य है कि रिकॉर्ड लेखा परीक्षक को जारी करने से पहले प्रविष्टियों को सही कर दिया जाए?

**उ:** नहीं। आम तौर से, जब समीक्षा के लिए हमारे रिकॉर्ड के लिए अनुरोध किया जाता है, तो उन्हें समीक्षा पूरी होने तक अपरिवर्तित रहना चाहिए। तथापि, आपको अपनी बात लेखा परीक्षक के ध्यान में लानी चाहिए।

### यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** क़ानूनी; वित्त, नैतिकता व अनुपालन

**ITT नीति:** रिकॉर्ड प्रबंधन

# ITT की ओर से बात करना

साथ मिलकर... हमें ITT में काम करने पर गर्व है, लेकिन हम समझते हैं कि ITT ने व्यक्तियों को हमारी कंपनी के आधिकारिक प्रवक्ताओं के रूप में काम करने के लिए नामित किया है। जब तक हम नामित प्रवक्ता न हों, तब तक हम ITT की ओर से बात नहीं करते या यह प्रभाव नहीं देते कि हमारे विचार ITT के विचारों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## ITTers के रूप में...



### ITT ओर से बात मत करें।

- यदि प्रेस का कोई सदस्य आपसे संपर्क करता है और कंपनी व्यापार, निवेशकों या बाज़ार विश्लेषकों पर चर्चा करने के लिए कहता है, तो कोई जानकारी प्रदान न करें। बाहरी पक्ष को बताएँ कि आप इस विषय पर चर्चा के लिए अधिकृत नहीं हैं और उन्हें ITT के संचार विभाग या ITT के निवेशक संबंध विभाग के पास भेजें।
- ITT को सामाजिक मीडिया में संदर्भित करते समय, याद रखें कि आपके कथन, पोस्ट, ब्लॉग, ट्वीट और अन्य संचार ITT के बारे में लोगों की राय को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए, यह संप्रेषण करना सुनिश्चित करें कि जो सामग्री और राय आप पोस्ट कर रहे हैं, वह आपकी है, कंपनी की नहीं।
- कभी किसी गोपनीय व्यापारिक जानकारी का खुलासा न करें या हमारे व्यापार साझेदारों, ग्राहकों या टीम सदस्यों के बारे में कुछ ऐसा पोस्ट न करें जो धमकी, भय, उत्पीड़न, ज़ोर-ज़बरदस्ती या भेदभाव का गठन कर सकता हो।

### प्रवउ

**प्र:** मैंने हाल ही में हमारे मूल्य केंद्र की संगठनात्मक संरचना में कुछ नियोजित बदलावों के बारे में सुना है, जिनकी अभी तक घोषणा नहीं हुई है। मैं ट्वीट करना चाहता हूँ ताकि दूसरे लोग इन योजनाओं के बारे में जान सकें। क्या यह ठीक है?

**उ:** नहीं। इस तरह की जानकारी गोपनीय व्यापार जानकारी है और इसे सामाजिक मीडिया पर या किसी ऐसे व्यक्ति के साथ साझा नहीं किया जाना चाहिए, जो इसे जानने के लिए अधिकृत नहीं है।

### सोशल मीडिया पर ITT में अपने काम पर चर्चा करने पर विचार कर रहे हैं?

कृपया इन्हें याद रखें:

- केवल निजी राय व्यक्त करनी चाहिए।
- केवल अपनी निजी संपर्क जानकारी शामिल करनी चाहिए।
- हमारे उत्पादों या सेवाओं को संदर्भित नहीं करना चाहिए क्योंकि इसे विज्ञापन माना जा सकता है।
- ITT व्यापार रहस्यों और निजी या गोपनीय जानकारी की गोपनीयता बनाए रखें।
- ऐसी चीज़ पोस्ट नहीं करनी चाहिए जो महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक व्यापार जानकारी है।
- हमेशा ईमानदार और सटीक रहना चाहिए और किसी ग़लती को जल्दी से ठीक कर लेना चाहिए।
- हमारे व्यापार साझेदारों, ग्राहकों और टीम के सदस्यों के प्रति हमेशा निष्पक्ष, विनम्र और सम्मानपूर्ण रहना चाहिए।

### यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** संचार

**ITT नीति:** जन-संपर्क; सुरक्षा धारकों, विश्लेषकों और अन्य लोगों के साथ संचार के संबंध में विनियमन FD नीति; सामाजिक मीडिया

# पर्यावरण संरक्षण और मानवाधिकार

साथ मिलकर... हम इस विचार के प्रति प्रतिबद्धता साझा करते हैं कि सही काम करने का विस्तार उन समुदायों तक होता है जहाँ हम संचालन करते हैं। हम यहाँ सभी हितधारकों की सेवा के लिए हैं। कुल मिलाकर, हम पर्यावरण का ध्यान रखते हैं और मानव अधिकारों को बनाए रखते हैं, चाहे स्थानीय व्यापार परंपराएँ कुछ भी हों।

## ITTers के रूप में...



### पर्यावरण पर हमारा प्रभाव न्यूनतम करें।

- जहाँ हम व्यापार करते हैं, वहाँ सभी लागू पर्यावरण-संबंधी क़ानूनों, विनियमों और ITT ESH&S नीतियों का पालन करें। अपने सहकर्मियों और व्यापारिक साझेदारों से भी ऐसा ही करवाएँ।
- संसाधनों के संरक्षण के अवसरों के बारे में प्रबंधकों और पर्यवेक्षकों के साथ बात करने के लिए प्रोत्साहित महसूस करें।

### लोगों पर ध्यान दें।

- जिन बाज़ारों में हम संचालन करते हैं, वहाँ रोज़गार के सभी लागू क़ानूनों का पालन करें। यदि लागू रोज़गार क़ानूनों के बारे में आपका कोई प्रश्न है, तो ITT के क़ानूनी विभाग या ITT के मानव संसाधन विभाग से सलाह लें।
- मानव अधिकारों के दुरुपयोग की किसी कार्रवाई में संलग्न न हों या उनके साथ व्यापार न करें जो ऐसा करते हैं।
- उनके साथ निष्पक्ष और समानता के व्यवहार को बढ़ावा दें जो हमारी ओर से काम करते हैं। हमारी उन नीतियों को जानें और उनका पालन करें जिनका संबंध इनसे है:
  - वेतन और घंटों के क़ानूनों का पालन करना।
  - काम की सुरक्षित और संरक्षित स्थितियाँ सुनिश्चित करना।
  - मानव तस्करी और बाल या बलात श्रम पर रोक लगाना (जिसमें जेल या बंधुआ श्रम शामिल है)।

### यदि आप इसे देखें, तो इसे कहें:

पर्यावरण-संबंधी संभावित मुद्दों की रिपोर्ट करें और अपने ESH&S प्रतिनिधि से पर्यावरण-संबंधी अनुपालन पर सलाह लें।

इसके अलावा, यदि आपकी चिंता संभावित श्रम क़ानून या मानव अधिकारों के उल्लंघन के बारे में है, तो उन्हें सीधे ITT के क़ानूनी विभाग या ITT के मानव संसाधन विभाग को रिपोर्ट करें।

### प्रवउ

**प्र:** मेरे पास यह विश्वास करने का कारण है कि ITT का एक आपूर्तिकर्ता औद्योगिक कचरे की संभाल के बारे में स्थानीय क़ानूनों का उल्लंघन कर रहा है। मैं क्या करूँ?

**उ:** ITT की अपेक्षा है कि टीम के सभी सदस्य और व्यापार साझेदार सभी लागू पर्यावरण क़ानूनों और विनियमों का पालन करें। आपको अपनी चिंता तुरंत ESH&S प्रतिनिधि को रिपोर्ट करनी चाहिए। उनके पास ऐसे किसी उल्लंघन की ठीक से जाँच करने और उस पर कार्रवाई करने के लिए कौशल होंगे, जिसे वे उजागर करेंगे।

### यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अधिक पता करें

**संपर्क:** मानव संसाधन; ESH&S; क़ानूनी

**ITT नीति:** मानव अधिकार; ESH&S मैनुअल

# सकारात्मक प्रभाव बनाना



साथ मिलकर... हम विश्व में और उन स्थानों पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहाँ हम रहते हैं और काम करते हैं। हम पहले दूसरों को रखते हैं। हम बेहतर होना और दूसरों को बेहतर होने में मदद करना चाहते हैं।

## कॉर्पोरेट स्तर पर स्वयंसेवक।

ITT स्थानीय रूप से आयोजित सेवा दिवस और परोपकारी ईवेंट्स को प्रायोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि दुनिया भर में हमारे कर्मचारी समुदायों में प्रभाव डाल सकें। हम अपनी टीम के सभी सदस्यों को इन स्वयंसेवी गतिविधियों में भाग लेने के लिए एक दूसरे से जुड़ने और दूसरों को पहले रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## व्यक्तिगत स्तर पर स्वयंसेवक।

हम विश्व को बेहतर स्थान देने के लिए आपके व्यक्तिगत प्रयासों का समर्थन करते हैं, और हम लोगों और कारणों तक आपकी पहुंच का जश्न मनाते हैं, आपके लिए महत्वपूर्ण है। केवल यह सुनिश्चित करें कि आपके द्वारा किए जाने वाली कोई स्वयंसेवक गतिविधि क़ानूनी हैं और आपके द्वारा ITT में किए जाने वाले काम के साथ हितों का टकराव न पैदा करें। और याद रखें—जब तक आपको संचार टीम से पूर्व स्वीकृति प्राप्त न हो, तब तक अपने ईवेंट्स या गतिविधियों का समर्थन करने के लिए कंपनी नाम, निधियों या संसाधनों का उपयोग न करें।

## अपने स्थानीय कर्मचारी संसाधन समूह (ERGs) में शामिल हों

हमारे ERGs में भाग लेकर अपनी टीम के सदस्यों में शामिल हों और सभी IT कर्मचारियों के लिए समावेशी परिवेश का विकास करने में हमारी मदद करें। हमारे ERGs नियमित रूप से कई विविध समुदायों और दृष्टिकोणों का जश्न मनाते हैं, जो विशेष ईवेंट्स और पहल के माध्यम से हमारी सफलता में योगदान करते हैं। आपके भागीदारी को मूल्य दिया जाता है।

# शब्दावली

### नैतिकता चैंपियन:

ITT टीम का सदस्य जिसे आचार-संहिता, क़ानून या विनियमन, या कंपनी की नीति के संभावित उल्लंघन के बारे में प्रश्न या चिंताओं को सुनने और प्रत्युत्तर देने और मार्गदर्शन देने या जाँच के लिए औपचारिक अनुरोध दाखिल करने के लिए नियुक्त किया जाता है, जैसा उपयुक्त हो। प्रत्येक ITT स्थान पर कम से कम एक नैतिकता चैंपियन होता है। अपनी साइट के नैतिकता चैंपियन की पहचान करने के लिए, संपर्क करें ethics.champion@itt.com.

### स्पर्धारोधी:

व्यापार में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के इरादे से, ट्रस्ट्स या अन्य एकाधिकार को रोकने या नियंत्रित करने वाले विधान।

### रिश्वत:

व्यक्ति को किसी के पक्ष में कार्रवाई करने के लिए राजी करने के लिए उपहार या अन्य उत्प्रेरण देना या पेश करना।

### सुविधा भुगतान:

मामूली भुगतान जो नेमी, गैर-विवेकाधीन सरकारी कार्रवाई करने या उसमें तेजी लाने के लिए सरकारी अधिकारी को सीधे किया जाता है, जिसके लिए कंपनी पहले से ही पात्र है।

### सद्भाव:

इरादे की ईमानदारी या निष्ठा।

### सरकारी ग्राहक:

कोई संघीय, राज्य या स्थानीय सरकार का कर्मचारी, सैन्य अधिकारी, राजनीतिक अधिकारी या राजनीतिक पार्टी।

### उत्पीड़न:

आक्रामक दबाव और डराना, जो मौखिक, शारीरिक या दृश्य हो सकता है। इसमें ज़ोर-ज़बरदस्ती, नस्लीय मिथ्या आरोप और अनुचित चुटकुले और साथ ही ऐसे कथनों या छवियों को पोस्ट या साझा करना शामिल है, जो व्यक्ति को आपत्तिजनक लग सकती हैं।

### भेदिया व्यापार:

गोपनीय जानकारी तक पहुंच के माध्यम से अपने फायदे के लिए स्टॉक एक्सचेंज पर व्यापार करने की गैर-क़ानूनी प्रथा।

### बौद्धिक संपदा:

उत्पाद या प्रक्रिया के लिए विचार जो मूल रचनात्मक विचार का परिणाम है। इसमें पेटेंट, तकनीकी डेटा, कॉपीराइट और तकनीकी जानकारी, और साथ ही हमारे ट्रेडमार्क, व्यापार रहस्य, व्यापारिक डेटा और बिज़नेस विधियाँ शामिल हैं।

### महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी:

वह जानकारी जो सार्वजनिक डोमेन में नहीं है, जो कंपनी की सिक्यूरिटीज़ को खरीदने, बेचने या रखने के लिए निवेशक को प्रभावित करेगी।

### यौन उत्पीड़न:

अनचाहे यौन व्यवहार या अश्लील टिप्पणियाँ। इनमें यौन अनुग्रह के बदले रोज़गार, पदोन्नति, मुआवज़ा या विशेष व्यवहार के लिए वायदा करना या उसे प्रदान करना शामिल है। इसमें अनुपयुक्त या अवांछित स्पर्श और साथ ही अश्लील छवियाँ, वस्तुएँ या सामग्री पोस्ट या साझा करना भी शामिल है।

### व्यापार रहस्य:

ऐसी सामग्री जो उपयोगी है, आर्थिक मूल्य प्रदान करती है, जिसे आसानी से प्राप्त नहीं किया जा सकता या स्वतंत्र रूप से कल्पना नहीं की सकती और जो उसके स्वामी द्वारा पर्याप्त रूप से संरक्षित है।

# छूट, संशोधन और अतिरिक्त जानकारी

कुछ परिस्थितियों में और ITT के मुख्य अनुपालन अधिकारी को लिखित अनुरोध करने पर, हमें हमारी संहिता के किसी प्रावधान में छूट देना उपयुक्त लग सकता है। अधिशासी अधिकारियों और निदेशकों के लिए हमारी संहिता से छूट केवल निदेशक मंडल द्वारा दी जा सकती है और विनियमन या क़ानून द्वारा ज़रूरत होने पर इसका सार्वजनिक रूप से खुलासा किया जाएगा।

हम हमारी संहिता या कंपनी की किसी नीति या प्रक्रिया में किसी भी समय एकतरफा बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

केवल संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए: हमारी संहिता या किसी संदर्भित कंपनी नीति या कार्य-प्रणाली में निहित किसी भी बात का अर्थ इच्छा-पर-रोज़गार संबंध को संशोधित करने के रूप में नहीं लगाया जाना चाहिए। इस संहिता में किसी भी बात की व्याख्या इस तरह नहीं की जाएगी या उसे इस तरह लागू नहीं किया जाएगा कि वह कर्मचारियों के स्व-व्यवस्थित होने, श्रम संगठनों में शामिल होने या उनकी सहायता करने, खुद चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से सामूहिक रूप से मोल-भाव करने या सामूहिक मोल-भाव या पारस्परिक सहायता या संरक्षण के प्रयोजन के लिए अन्य ठोस गतिविधियों में संलग्न होने, या इस तरह की गतिविधि में संलग्न होने से दूर रहने में हस्तक्षेप करे।

संयुक्त राज्य अमेरिका से भिन्न देशों के लिए: इस संहिता में या कंपनी नीति में किसी भी बात का अभिप्रेत स्थानीय क़ानूनों के अंतर्गत आपके अधिकारों से हस्तक्षेप करने या उन्हें सीमित करना नहीं है। कुछ न्याय-क्षेत्रों में, लागू स्थानीय क़ानून के अनुसार, इस संहिता को स्थानीय रूपांतरों, समायोजनों, परिवर्धन और समर्थन दस्तावेज़ों द्वारा पूरक किया जा सकता है।